# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 316 | सीकर, सोमवार 12 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## पहला वनडे : भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

### कोहली ने 93 रन बनाए, कप्तान गिल की फिफ्टी; अय्यर ने 49 रन की पारी खेली



नई दिल्ली।

भारत ने वनडे सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा मैच 14 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में रविवार को भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 300 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। केएल राहुल ने क्रिस्टियन क्लार्क की बॉल पर छक्का लगाकर जीत दिलाई। उन्होंने नाबाद 29 रन बनाए। विराट कोहली ने 93, श्रेयस अय्यर ने 49 और कप्तान शुभमन गिल ने 56 रन बनाए। न्यूजीलैंड के काइल जैमिसन ने 4 विकेट लिए।

## पूर्व-मंत्री मालवीय ने बीजेपी छोड़ी

### बोले-यहां मेरा दम घुट रहा



बांसवाड़ा।


पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय का दो साल में ही भाजपा से मोह भंग हो गया है। मालवीय ने बीजेपी छोड़ दी है। कांग्रेस में शामिल होने के लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को पत्र लिखा है। मालवीय ने रविवार को जयपुर में कांग्रेस के महासचिव सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मुलाकात की। मालवीय ने कहा कि बीजेपी की सत्ता होते हुए भी मैं जनता के काम नहीं करा पा रहा हूं। ?भाजपा सरकार में गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं है। मनरेगा का भुगतान महीनों से अटका है, किसानों को खाद नहीं मिल रहा। मैंने कई बार मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष को चिट्ठी लिखी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

### आलाकमान क्या निर्णय करता है वो देखेंगे: डोटासरा

वहीं पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मुझे महेन्द्रजीत सिंह मालवीय का पत्र मिला है। जिसमे उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी छोड़ना मेरी भूल है। कांग्रेस ने हमेशा मुझे मान सम्मान दिया है, मैं कांग्रेस की रीति-नीति को मानने वाला व्यक्ति हूं। भारतीय जनता पार्टी में जाना मेरी बहुत बड़ी भूल थी, ऐतिहासिक भूल थी। भारतीय जनता पार्टी से मैंने इस्तीफा दे दिया है। बीजेपी में मेरा दम घुट रहा है, मैं एक सेकेंड भी वहां रहना नहीं चाहता हूं। डोटासरा ने कहा- डिसीप्लीनरी कमेटी है, हम सब लोग चर्चा करके अपनी रिपोर्ट प्रदेश प्रभारी के जरिए आलाकमान को देंगे और उस पर आलाकमान क्या निर्णय करता है, वो देखना होगा।

## आरएसएस बदला नहीं है, समय के साथ अपने स्वरूप सामने ला रहा : मोहन भागवत

नई दिल्ली।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ बदला नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे विकसित हो रहा और समय के साथ उसका स्वरूप सामने आया है। उन्होंने कहा कि लोग इसे बदलाव के रूप में देख रहे हैं, जबकि मूल विचार और चरित्र वही है। भागवत नई दिल्ली में आरएसएस के 100 साल की यात्रा पर बनी फिल्म 'शतक' के गीतों के एल्बम लॉन्च कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर गायक सुखविंदर सिंह, फिल्म निर्देशक आशीष मल्ल, को-प्रोड्यूसर आशीष तिवारी और आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी भैयाजी जोशी भी मौजूद रहे। संघ प्रमुख ने कहा, आरएसएस अपनी सौवीं वर्षगांठ मना रहा है। जैसे-जैसे संगठन का विस्तार हुआ और उसने नए-नए रूप लिए, लोगों को यह बदलाव जैसा लगने लगा। लेकिन वास्तव में यह बदल नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे सामने आ रहा है।

### भागवत बोले- संघ और डॉ. हेडगेवार समानार्थी

आरएसएस के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि वे जन्मजात देशभक्त थे और उन्होंने बचपन में ही देशसेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था। उन्होंने कहा, संघ और डॉक्टर साहब एक ही भाव के दो नाम हैं।

### किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों के पदाधिकारियों के साथ बजट पूर्व संवाद

# आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प में कृषि, पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका - मुख्यमंत्री शर्मा





जयपुर।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान और पशुपालक राज्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार स्तंभ है। राज्य सरकार इनको उन्नत, समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए निरंतर फैसले ले रही है। श्री शर्मा ने कहा कि कृषि, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र एक दूसरे के पूरक हैं। आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करते हुए ये तीनों क्षेत्र आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों में पदाधिकारियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने सरकार के गठन के तुरंत बाद राज्य के विकास का रोड मैप बनाते हुए कृषि क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं पानी और बिजली पर विशेष ध्यान दिया। पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर परियोजना, गंगनहर, माही बांध एवं देवास परियोजना के कार्यों को आगे बढ़ाया गया। वहीं बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में भी लगातार कार्य करते हुए हमने वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाने का लक्ष्य तय किया है।

### किसानों को प्रतिवर्ष मिल रही 3 हजार की अतिरिक्त सम्मान राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों को प्रतिवर्ष मिलने वाली 6 हजार रुपये की सम्मान निधि के अतिरिक्त राज्य सरकार मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 3 हजार रुपये की सम्मान निधि दे रही है। अब तक राज्य सरकार द्वारा चार किस्तों में 72 लाख किसानों को 2 हजार 73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सम्मानि राशि दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले दो साल में 921 करोड़ का अनुदान जारी कर 59 हजार से अधिक सौर पंप संयत्रों की स्थापना करवाई है। अब तक 17 लाख 30 हजार मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं।

प्रदेश के कृषकों को निर्यातकों और खुदरा आपूर्ति समूहों से सीधे जोड़ने के लिए अब तक 913 कृषक उत्पादक संगठन पंजीकृत किए जा चुके हैं। श्री शर्मा ने कहा कि गत दो वर्ष में वर्षा जल संग्रहण के लिए 35 हजार से अधिक फार्म पौंड का निर्माण करवाया गया है और इसके लिए 300 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है। 34 हजार से अधिक किलोमीटर में खेतों पर तारबंदी के लिए 377 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है।

### किसानों की बढ़ रही आय, उत्पादों को मिल रही विश्व में पहचान-

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए भी राज्य सरकार प्रयास कर रही है। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 में अन्य उद्योगों के साथ कृषि और इससे जुड़े उद्योगों को विभिन्न प्रोत्साहन देने का प्रावधान किया गया है। हमने 3 हजार 229 प्याज भंडारगृहों का निर्माण करवाया है, जिनके लिए करीब 45 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। राज्य के स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए सोजत की मेहंदी एवं नागौरी अश्वगंधा को जीआई टैग मिल चुका है। नागौरी पान मेथी, कैर, सांगरी, बीकानेरी मोठ, बारां के लहसुन और मारवाड़ी काचरी के जीआई टैग प्रक्रिया में है। उन्होंने कृषकों से आग्रह किया कि कृषि कार्य में रासायनिक उर्वरकों का सीमित मात्रा में उपयोग करें जिससे भूमि का उपजाऊपन बना रहे।

### विभिन्न फैसलों से पशुपालकों का हुआ सशक्तीकरण-

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर उनका सशक्तीकरण किया है। पशुधन की असमय मृत्यु के कारण संभावित नुकसान से सुरक्षा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत अब तक 12 लाख से अधिक पशुओं का नि:शुल्क बीमा किया गया है। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को उनके द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल वेटेरिनरी सेवाएं प्रारंभ की गई हैं।

# सोमनाथ तोड़ने वाले इतिहास के पन्नों में सिमटे : पीएम मोदी

### दुर्भाग्य से देश में आज भी मंदिर पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें मौजूद

सोमनाथ/राजकोट।

गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था।

पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। दरअसल, 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं। पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया गया।

### मोदी ने कहा- हमें आज भी बांटने वालों से सावधान रहना है

हमें आज भी सावधान रहना है, एकजुट रहना है। ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटनें की कोशिशों में लगी हुई हैं। आज हर देशवासी के मन में विकसित भारत को लेकर भरोसा है। भारत अपने गौरव को नई बुलंदी देगा। हम गरीबी के खिलाफ अपनी लड़ाई को जीतेंगें।

### मोदी बोले- सोमनाथ की गाथा को शब्दों में बयां नहीं कर सकते

यहां 72 घंटों तक अनवरत ओमकार का नाद और मंत्रोच्चार किया गया। सोमनाथ की 1 हजार साल की गाथा का वर्णन और शौर्य यात्रा, सबकुछ मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। इस अनुभुति को शब्द अभिव्यक्त नहीं कर सकते हैं। इसे केवल समय ही संकलित कर सकता है।



### मोदी ने कहा- 1000 साल भी सोमनाथ में ध्वज फहरा रहा

आज जब मैं आपसे बात कर रहा हूं तो मन में बार-बार प्रश्न आ रहा है कि ठीक 1 हजार साल पहले इसी जगह जहां आप बैठे हैं, क्या माहौल रहा होगा। हमारे पुरखों ने जान की बजा लगा दी थी अपनी आस्था के लिए अपने विश्वास के लिए, अपने महादेव के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया।

### पीएम ने कहा- ये वातावरण और उत्सव अद्भुत है

रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा- ये समय अदभुत है। ये वातावरण अद्भुत है। यह उत्सव अद्भुत है। एक और स्वयं देवादिदेव महादेव, दूसरी और समुद्र की लहरें, सूर्य की किरणें, मंत्रों की गूंज , आस्था का ऊफान, इस दिव्य वातावरण में आप सब भक्तों की उपस्थिति इस अवसर को दिव्य बना रही है। भव्य बना रही है और मैं इसे अपना बहुत बड़ा सौभाग्य मानता हूं कि सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सेवा का अवसर मिला। जिस देश के पास विरासत होती है तो वह देश उस पर गर्व करता है। लेकिन हमारे देश की आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उसी विरासत को भुला दिया। जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भी मंदिर आने से रोकने की कोशिश की गई।

## संबोधन की 4 बड़ी बातें...

### सोमनाथ का वजूद नहीं मिटा पाए:

आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, 1 हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा, लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुनर्निर्माण करा दिया।

### न मंदिर नष्ट हुआ न भारत:

ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के 1 हजार साल पूरे हो रहे हैं और अब इसके पुनर्निर्माण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं, लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत।

### मजहबी कट्टरपंथी कुछ नहीं बिगाड़ पाए:

जब आक्रांता सोमनाथ पर हमला कर रहे थे, उन्हें लग रहा था कि उनकी तलवार सनातन सोमनाथ को जीत रही है, लेकिन वे मजहबी कट्टरपंथी यह नहीं समझ पाए कि जिस सोमनाथ को वे नष्ट करना चाहते थे। उसके नाम में ही सोम अर्थात अमृत जुड़ा है। उसमें हलाहल को पीकर भी अमर रहने का विचार जुड़ा है।

### आज भी विरोधी ताकतें मौजूद:

जिस देश के पास विरासत होती है तो वह देश उस पर गर्व करता है, लेकिन हमारे देश की आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने उसी विरासत को भुला दिया। जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को भी मंदिर आने से रोकने की कोशिश की गई।

## सीकर-भरतपुर में 5वीं क्लास तक के बच्चों की छुट्टियां बढ़ाई

### राजस्थान में माइनस में पारा, कोहरे के कारण फ्लाइट कैंसिल, मकर संक्रांति पर होगा कोल्ड डे



जयपुर।

राजस्थान के सीकर में कड़ाके की ठंड के कारण स्कूलों में 5वीं क्लास तक के बच्चों की छुट्टियां 17 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। छठी से 12वीं क्लास तक के बच्चों का टाइम सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कर दिया गया है। वहीं भरतपुर में 5वीं क्लास तक के बच्चों की 12 और 13 जनवरी की छुट्टी घोषित कर दी गई है। उधर, सीकर के फतेहपुर में सीजन में पहली बार तापमान माइनस 3.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण यहां जगह-जगह बर्फ जम गई। रेगिस्तानी जिले जैसलमेर के कई एरिया में सुबह बर्फ जमी नजर आई। ऐसा ही कुछ नजारा हिल स्टेशन माउंट आबू का रहा। उदयपुर में घने कोहरे के कारण 7 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं।

वहीं, उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवा ने राजस्थान में हाड़ कंपाने वाली सर्दी कर दी है। मौसम विभाग ने रविवार (11 जनवरी) को भी 14 जिलों में कोहरे और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शीतलहर आने वाले दिनों में भी ठिठुराएगी। वहीं, शनिवार को राजस्थान में सबसे ज्यादा सर्द दिन और रात श्रीगंगानगर में रहे।

## कोबरी-सार



## भूरिया का किया सम्मान



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मेघवंशीय चेतना संस्थान झुंझुनू के संयोजक रामनिवास भूरिया को समाज की सबसे बड़ी महा पंचायत (राजस्थान) डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी जयपुर का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सर्व समाज एवं सभी संगठनों द्वारा अम्बेडकर भवन झुंझुनू में सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया है। वेलफेयर सोसाइटी झुंझुनू संरक्षक महावीर सानेल ने बताया कि सबसे पहले बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी झुंझुनू द्वारा एवं सर्व समाज द्वारा उपाध्यक्ष रामनिवास भूरिया का माला, साफा एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। भूरिया ने बताया कि मैं वेलफेयर सोसायटी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसको मैं बखूबी निभाऊंगा। समाज हित के लिए हमेशा तैयार रहूंगा। मैं सोसायटी से जुड़कर समाजोत्थान हेतु हमेशा कार्य करता रहूंगा। इस दौरान झुंझुनू वेलफेयर सोसाइटी संरक्षक महावीर सानेल, डिप्टी सीएमएचओ डॉ भंवरलाल सर्वा, वेलफेयर सोसायटी झुंझुनू के अध्यक्ष अमरसिंह धीरज, प्रोफेसर जयलाल सिंह, संपत बारूपाल, इंद्राज सिंह भूरिया, रामनिवास जिनोलिया, हरिराम सोढा, निरंजन आल्हा, तनसुख सानेल, राधेश्याम खारिया, रामस्वरूप सिंह, दयाराम तानेनिया, रामेश्वर लाल वर्मा, ओमप्रकाश भूरिया, सीताराम बास बुडाना, रुघाराम, बद्रीप्रसाद गोरा, भोपाल सिंह बालान, हरिराम पिपरालिया, रामकुमार, रामनिवास हालू, गणपत सिंह, सुभाष, सुखदेव सिरोवा, विद्याधर नेमीवाल, मदनलाल गुडेसर, महेंद्र सिरोवा, सीताराम सिरोवा, हरफूल सिंह, प्रेमचंद लूनिया, विद्याधर बालान सहित समाज के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भक्ति पर्व समागम सत्संग आयोजित



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सुभाष मार्केट स्थित जैन मंदिर में भक्ति पर्व समागम सत्संग का आयोजन किया गया। स्थानीय मुखी घनश्याम दास ने प्रवचन देते हुए कहा कि भक्ति का मतलब जो गुरसिख गुरु के हुकम में भक्ति करता है वह सही मायने में भक्त की श्रेणी में आता है। फल की इच्छा ना रखते निष्काम व नीरिच्छित भावना से भक्ति करता है। उन्होंने कहा कि निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा आज भक्तों को यही पाठ पढ़ा रही है। संचालन राजपाल यादव ने किया। इस मौके पर रघुवीर सिंह, धर्मपाल, प्रहलाद, निरंज, वेदप्रकाश, इंद्राज, राजेंद्र, प्रदीप, अनिल, कृष्ण कुमार, शिवराम, प्रभु दयाल, जतिन, भंवरी देवी, गायत्री, प्रेमलता, लता, अनीता, रेखा, सुनीता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## गायों को हरा चारा खिलाकर की गौसेवा



निसं

**डूंडलोद ( नवयत्न )।** डूंडलोद के कामधेनु गौशाला में मुम्बई प्रवासी रमेश कुमार घासीलाल कनोडिया की ओर से गायों को हरा चारा खिलाकर गौसेवा की गई। कनोडिया के प्रतिनिधि के रुप में महेश भूत, अशोक भूत के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मिलकर गौशाला में गायों को हरा चारा, दलिया एवं गुड़ खिलाया गया। अशोक भूत ने बताया कि सभी को गौ सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर निवर्तमान पालिका चेयरमैन हरफूल सिंह पूनिया, सहीराम खटोड़, ललित अग्रवाल, भंवरलाल सैनी, जितेंद्र सैनी, सुमित जैन, सुभाष खंडेलवाल, मनफूल पूनिया, अजय मिश्रा, राम अवतार सेन, मुकेश मील, कमल शर्मा, गोविंद स्वामी, मनोज स्वामी, राजकुमार पुरोहित, ताराचंद शर्मा, संजय नायक सहित बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

# रंग-बिरंगी पतंगों से सजा जयपुर : दामों में 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

### संक्रांति से तीन दिन पहले ही छतों और बाजारों में लौटी पतंगबाजी की रौनक



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा। जैसे-जैसे पर्व नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे छोटी काशी में पतंगबाजी का उल्लास अपने चरम पर पहुंचता जा रहा है। हालांकि संक्रांति में अभी तीन दिन शेष हैं, लेकिन शहर की छतों पर रंग-बिरंगी पतंगों की उड़ान और श्वो काटा३ वो मारा की गूंज ने माहौल को पूरी तरह उत्सवी बना दिया है। बच्चे हों या युवाए हर कोई हाथ में डोर थामे अपनी पतंग को आसमान में सबसे ऊंचा उड़ाने की होड़ में जुटा है। शहर के बाजारों में भी संक्रांति की रौनक लौट आई है। रंगीन कागज से बनी पतंगें, आकर्षक डिजाइन और अलग-अलग आकार की पतंगें ग्राहकों को अपनी ओर खींच रही हैं। दुकानदारों ने इस बार ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए नई-नई वैरायटी की पतंगें मंगवाई हैं। दुकानों के बाहर सजी पतंगें मानो बाजारों को रंगों से भर रही हों। हालांकि इस बार पतंगों की कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में 20 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, इसके बावजूद पतंगबाजी के प्रति लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ है। बाजारों में आठ रुपए से लेकर तीस रुपए तक की पतंगें उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि जैसे-जैसे संक्रांति नजदीक आएगी, मांग में और तेजी आएगी।

#### हांडी पुरा से चांदपोल तक पतंगों की बहार

जयपुर के हांडीपुरा, किशनपोल बाजार, चांदपोल बाजार सहित प्रमुख इलाकों में पतंगों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। शाम होते ही लोग परिवार के साथ खरीदारी के लिए बाजारों का रुख कर रहे हैं। हांडी पुरा बाजार पतंगों के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है, जहां पांच रुपए से लेकर सौ रुपए तक की पतंगें उपलब्ध हैं। छोटे बच्चों के लिए रंगीन पन्नी प्लास्टिक की पतंगें पांच से बीस रुपए में मिल रही हैं, जबकि अनुभवी और पेशेवर पतंगबाजों के लिए कागज की विशेष पतंगें भी मौजूद हैं। मांझे की बात करें तो बरेली और रामपुर से आने वाले मांझे के साथ.साथ स्थानीय मांझे की भी अच्छी खासी मांग है। इसकी कीमत 500 से 1200 रुपए प्रति गट्टा तक जा रही है। खरीदार पतंग के छुड्डे की मजबूती और कागज की गुणवत्ता देखकर ही सौदा तय कर रहे हैं।

#### पतंग लूटने का सामान भी बाजार में

इसके अलावा रामगंज बाजार, आदर्श नगर, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा और आमेर क्षेत्रों में पतंग लूटने का सामान भी बिक रहा है। इन बाजारों में पतंग लूटने के उपकरण 50 से 300 रुपए तक उपलब्ध हैं। कांटेदार झाड़ियां 50 से 150 रुपए में, जबकि 10 से 15 फीट लंबे बांस 100 से 300 रुपए तक बिक रहे हैं। बांस के आगे कांटेदार झाड़ी बांधकर कटी पतंगों को फंसाने का सामान तैयार किया जाता है।

#### करोड़ों का कारोबार, हजारों परिवारों का सहारा

व्यापारी अशोक गुप्ता ने बताया कि मकर संक्रांति से करीब दो महीने पहले ही हांडी पुरा में काम की रफ्तार दोगुनी हो जाती है। यहां बाहर से भी कारीगर बुलाए जाते हैं। जयपुर की पतंगबाजी का आकर्षण ऐसा है कि बॉलीवुड सेलिब्रिटीज से लेकर विदेशी पर्यटक तक यहां की छतों पर पतंग उड़ाने पहुंचते हैं। अलग-अलग शहरों से कच्चा माल आता है, लेकिन जयपुर के कारीगरों की फिनिशिंग इसे जयपुर ब्रांड बनाती है। संक्रांति के पूरे सीजन में जयपुर का पतंग उद्योग करोड़ों रुपए का राजस्व पैदा करता है, जिससे हजारों परिवारों की आजीविका चलती है। व्यापारी गणेश सैनी ने बताया कि इस वर्ष जयपुर में स्थानीय पतंगों के साथ-साथ अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा और बरेली में बनी पतंगें भी बाजार में आई हैं। पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाली डोर मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली से मंगाई गई है।

जयपुर में सात से आठ महीने तक पतंग निर्माण का कार्य चलता है, लेकिन मांग के मुकाबले उत्पादन कम होने के कारण हर साल बाहर से भी बड़ी संख्या में पतंगें मंगवाई जाती हैं।

#### कागज की पतंगों की मांग सबसे ज्यादा

होलसेल के बाद अब रिटेल बाजार पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। इस साल कागज की पतंगों की सबसे ज्यादा मांग देखी जा रही है। वहीं पन्नी की पतंगें नए-नए आकारों में बाजार में आई हैं, जिनमें मटका, स्टार और रॉकेट शेप प्रमुख हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कार्टून कैरेक्टर और ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पतंगें भी लोगों को खूब पसंद आ रही हैं।

#### कारीगर घटे, डेकोरेटिव पतंगों का चलन बढ़ा

व्यापारियों के अनुसार एक समय काछी मोहल्ला क्षेत्र में 50 से अधिक कारीगर पतंग निर्माण से जुड़े थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर 5 से 8 रह गई है। नई पीढ़ी इस पारंपरिक कार्य में रुचि नहीं ले रही है। वहीं त्योहारों और आयोजनों में थीम डेकोरेशन का चलन बढ़ने से छोटी सजावटी पतंगों की मांग तेजी से बढ़ी है। दो से पांच इंच तक की छोटी पतंगें और फिरकियां सजावट के लिए खरीदी जा रही हैं। संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-जोल और परंपरा का उत्सव भी है। छतों पर एक.दूसरे से अनजान लोग भी पतंग के धागे से जुड़ जाते हैं। महंगाई के बावजूद पतंगबाजी का यह उत्साह यही बताता है कि जैसे-जैसे मकर संक्रांति नजदीक आएगी, छोटी काशी का आसमान और भी अधिक रंगीन नजर आएगा।

## प्रगतिशील प्रजापति समाज की बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** कस्बे के दक्ष प्रजापति छात्रावास में रविवार को प्रगतिशील प्रजापति समाज की बैठक का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष रामावतार वर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सामाजिक कुरीतियां को दुर करने का आह्वान किया गया। इस दौरान नववर्ष स्नेह मिलन समारोह व पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन भी किया गया व सभी आगंतुकों को पौष बड़ा का प्रसाद वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष रामावतार वर्मा सभी समाज बंधुओं के सामने आय व्यय का ब्यौरा दिया। राजेश कुमावत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को एकजुट होकर सामाजिक में फैली सामाजिक कुरीतियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज में कई कुरीतियां फैली हुई हैं। हमें इन कुरीतियों के खिलाफ लड़ना होगा और अपने समाज को एक स्वस्थ और समृद्ध समाज बनाना होगा। हम एकजुट होकर अपने समाज के लिए काम करें। युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने व समाज के विकास में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को विकास की गति ले जाने में समाज के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। समाज को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए। आज के समय में युवा नशे की लत का शिकार हो रहे हैं जो समाज के लिए बहुत ही गलत है। ऐसे में युवाओं को संस्कारित बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए तथा समाज के प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहित भी करना चाहिए। बैठक में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाज से कुरीतियों को दूर करने व समाज को संगठित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सुभाष कुमावत ने सभी समाज बंधुओं का आभार जताया।

इस मौके पर अशोक कुमावत शिमला, हिम्मत सिंह, धर्मपाल कुमावत, राजेश कुमावत, कृष्ण कुमार वर्मा, सुनीता वर्मा, प्रकाश कुमावत बबाई, महेश पॉपुलर, इंद्रपाल वर्मा, दिनेश कुमार, मनजीत, मूलचंद कुमावत आदि समाज बंधु मौजूद रहे।

# टैरिफ के खिलाफ स्वदेशी का शंखनाद

### स्वदेशी संकल्प दौड़ में आज दौड़ेंगे व्यापारी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत सहित अन्य देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी के बीच जयपुर का व्यापारी वर्ग स्वदेशी के संकल्प के साथ इसका जवाब देने की तैयारी में जुट गया है। जयपुर व्यापार महासंघ और राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के आह्वान पर 12 जनवरी को हवामहल से छोटी चौपड़ तक स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित की जाएगी। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर आयोजित इस दौड़ में युवा, महिला उद्यमी, व्यापारी और समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे।

दौड़ का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, विदेशी निर्भरता कम करने और आत्मनिर्भर भारत का संदेश देना है। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य सुभाष गोयल ने बताया कि हाल ही में राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि टैरिफ जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देकर किया जाए। उन्होंने कहा कि आज देश में सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण हो रहा है, ऐसे में आयात पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। स्वदेशी को बढ़ावा देने से स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को सुबह 7:30 बजे जयपुर के हृदय स्थल हवामहल से छोटी चौपड़ तक संकल्प दौड़ आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जयपुर व्यापार महासंघ के महामंत्री सुरेश सैनी ने कहा कि जब पहले 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था तब भी भारतीय व्यापार जगत ने मजबूती से उसका सामना किया था। अब 500 प्रतिशत टैरिफ की धमकी का जवाब भी स्वदेशी से दिया जाएगा। यदि आयात.निर्यात पर निर्भरता कम होगी, तो टैरिफ का असर स्वतः ही समाप्त हो जाएगा। जयपुर का व्यापारी स्वदेशी अपनाने और बेचने के संकल्प पर अडिग है। उन्होंने कहा कि जयपुर से उठने वाला यह स्वदेशी संदेश न केवल राजस्थान, बल्कि पूरे देश में आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करेगा।

## राहगीरों व लोगों को खिलाया गर्मा-गर्म पौषबड़ा का प्रसाद

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** मलमास के अवसर पर कस्बे के मुख्य बाजार में चारण कॉम्प्लेक्स के आगे पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह से लेकर शाम तक राहगीरों व लोगों को गर्मा.गर्म पौषबड़ा का प्रसाद खिलाया गया।



इस अवसर पर समाजसेवी अमरसिंह चारण, गजानन्द प्रजापत लक्ष्मीनारायण प्रजापत, आजाद छिम्पा, बुधराम प्रजापत, पवन सोनी, अजय मुंडवाल, हीरालाल सैनी, लालचंद प्रजापत, सुरेन्द्र चारण, मदन चारण, लक्षणम सहारण, नन्दकिशोर, दोलतदान चारण, दीपक, रावताराम आदि दुकानदार तथा लोग मौजूद थे।

# सेना दिवस परेड रिहर्सल में टैंक, मिसाइल और अपाचे की दहाड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर के जगतपुरा स्थित महल रोड रविवार को करीब पांच घंटे तक सेना की छावनी में तब्दील रहा। अवसर था 15 जनवरी को होने वाली 78वीं सेना दिवस परेड से पहले फुल ड्रेस रिहर्सल का। सुबह से ही पूरे इलाके में सैन्य अनुशासन, कदमताल की गूंज और देशभक्ति का वातावरण नजर आया। जहां नजर गई, वहीं खाकी वर्दी में सधे कदमों से मार्च करते जवान और अत्याधुनिक हथियार भारतीय सेना की ताकत का प्रदर्शन करते दिखे।

रविवार को सेना दिवस परेड की दूसरी फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इससे पहले 9 जनवरी को पहली रिहर्सल आयोजित की गई थी। सुबह करीब साढ़े आठ बजे शुरू हुई यह रिहर्सल दोपहर करीब डेढ़ बजे तक चली। इस दौरान थल, वायु और तकनीकी शक्ति का भव्य प्रदर्शन किया गया। टैंक, मिसाइल सिस्टम, मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर, ड्रोन और लड़ाकू हेलिकॉप्टरों ने सेना की आधुनिक युद्ध क्षमता को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

#### बाइक पर शौर्य और संतुलन का अद्भुत प्रदर्शन

रिहर्सल में सेना के जवानों के बाइक करतब विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सात बाइकों पर 27 जवानों ने ह्यूमन पिरामिड बनाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। चलती बाइकों पर सुदर्शन चक्र और अशोक स्तंभ की आकृतियां बनाकर सेना ने यह संदेश दिया कि वह हर परिस्थिति में राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है। टोरनेडोज टीम ने चलती बाइक को जिम में बदलते हुए प्लैंक पोजिशन में शारीरिक व्यायाम कर अनुशासन और फिटनेस का संदेश दिया।

#### आसमान से अपाचे, धरती पर वज्र की गर्जना

भारतीय सेना के अत्याधुनिक अपाचे एएच-64ई, चीता और चेतक हेलिकॉप्टरों ने फ्लाई-पास्ट कर आसमान में शक्ति प्रदर्शन किया। अपाचे हेलिकॉप्टर, जिसे फ्लाइंग टैंक भी कहा जाता है, रिहर्सल का प्रमुख आकर्षण रहा। वहीं धरती पर के.9 वज्र टी टैंक ने अपनी ताकत दिखाई, जो 45 किलोमीटर दूर तक दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने में सक्षम है।

स्वदेशी अर्जुन मार्क-1 टैंक ने भी अपनी मारक क्षमता और तकनीकी खूबियों से दर्शकों को प्रभावित किया।

#### मिसाइल और रॉकेट सिस्टम की ताकत

रिहर्सल में अग्निबाण मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम का प्रदर्शन किया गया, जो मात्र 20 सेकेंड में 40 से अधिक रॉकेट दागने की क्षमता रखता है। डीआरडीओ द्वारा विकसित सूर्यास्त्र यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम की झलक भी दिखाई गई, जिसकी मारक क्षमता 300 किलोमीटर तक है और जिससे एक साथ छह मिसाइलें दागी जा सकती हैं। इसके अलावा



हेलिकॉप्टर लॉन्च्ड नाग मिसाइल हेलिना ने भी सैन्य शक्ति का परिचय दिया।

#### हर भौगोलिक क्षेत्र में ऑपरेशन को सक्षम सेना

हाई मोबिलिटी रिकॉनिसेंस व्हीकल एचएमआरवी जैसे बख्तरबंद वाहनों का प्रदर्शन किया गया, जो मैदानी इलाकों से लेकर रेगिस्तान और बर्फीले पहाड़ों तक ऑपरेशन करने में सक्षम हैं। ये वाहन करीब पांच हजार मीटर की ऊंचाई तक कार्य कर सकते हैं और आधुनिक संचार प्रणाली व हथियारों से लैस हैं।

#### झांकियों में दिखा आत्मनिर्भर भारत

रिहर्सल परेड में सेना की झांकियों ने आत्मनिर्भर भारत की झलक पेश की। स्वदेशी तकनीक से लैस मिसाइल सिस्टम, रोबोटिक योद्धा और अत्याधुनिक निगरानी उपकरणों ने दर्शकों का ध्यान खींचा।

210 रॉकेट रेजिमेंट, क्विक रिएक्शन फाइटर व्हीकल, लाइट स्ट्राइक व्हीकल, एंटी टैंक मोबाइल टीम और व्हीकल माउंटेड इन्फेंट्री मोर्टार सिस्टम का भी प्रदर्शन किया गया।

#### घुड़सवार और भैरव बटालियन का शौर्य

सेना की प्रतिष्ठित घुड़सवार बटालियन ने परंपरा और शौर्य को जीवंत किया। वहीं हाल ही में गठित भैरव बटालियन ने भी फ्लाई-पास्ट कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। अदृश्य और अदम्य टैगलाइन वाली यह बटालियन चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं सहित किसी भी चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन के लिए पूरी तरह सक्षम है।

#### नेपाली आर्मी बैंड की देशभक्ति धुनें

रिहर्सल के दौरान नेपाली आर्मी बैंड की शानदार प्रस्तुति ने माहौल को देशभक्ति से भर दिया। कदमताल के साथ बजती धुनों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साह जताया।

#### 15 जनवरी को होगी भव्य सेना दिवस परेड

सेना की ओर से 1 जनवरी से महल रोड पर लगातार अभ्यास किया जा रहा है। 9, 11 और 13 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जा रही हैं, जबकि 15 जनवरी को मुख्य सेना दिवस परेड होगी। रिहर्सल के दौरान वीआईपी प्रोटोकॉल, मंच संचालन और राष्ट्रगान की भी उसी तरह अभ्यास किया गया, जैसा मुख्य समारोह के दिन होगा।

सेना दिवस परेड की यह रिहर्सल न केवल सेना की आधुनिक युद्ध क्षमता और अनुशासन का प्रदर्शन है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि भारतीय सेना हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## रात को बिजली नहीं देने पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के राजोता पंचायत में रात के समय बिजली नहीं देने पर ढाणी लगरिया वाली में रविवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग से नियमित बिजली सप्लाई करवाने की मांग की है। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि राजोता पंचायत की ढाणी लगरिया वाली व अन्य हिस्सा बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन से सटा हुआ है। बिजली विभाग द्वारा रात के समय बिजली बंद रखने से जंगली जानवर अंधेरे का फायदा उठाकर आबादी क्षेत्र में घुस जाते है। शुक्रवार रात करीब तीन बजे अंधेरा होने के कारण लैपर्ड लगरिया वाली ढाणी के गोकुलचंद के मकान में घुसकर उसके परिवार पर हमला कर दिया। इसके अलावा मवेशियों का भी शिकार जंगली जानवर आए दिन कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है तथा उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा कंजर्वेशन के मात्र चार फीट की दिवार बनाई हुई है जिसको पार कर जंगली जानवर आबादी क्षेत्र में घुस जाते हैं। रात को बिजली सप्लाई करने को लेकर ग्रामीणों की ओर से वन विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करवाया गया था लेकिन विभाग के अधिकारियों ने रात के समय बिजली की चोरी होने का हवाला देकर बिजली सप्लाई दिन के समय करने की बात कही जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय बिजली सप्लाई नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि बिजली विभाग ने जल्द रात के समय बिजली सप्लाई नहीं की तो ग्रामीणों की ओर से बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर युवा नेता रामनिवास लादी, सरपंच गोपीराम, भागीरथ मल, बनवारी लाल, रतिराम, हजारीलाल, सांवतराम, कालूराम, योगेश गुर्जर, दिनेश कुमार, विक्रम, छोटेलाल, मुकेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## महिलाओं को स्वेटर



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर युवा विकास समिति के द्वारा गुप्त दानदाता के सहयोग से कस्बे के अनेक वार्डों में जरूरतमंद महिलाओं को वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की सर्दी को देखते हुए 300 स्वेटर वितरण का कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड नंबर 33 से शुभारंभ किया गया। जिसमें 30 महिलाओं को स्वेटर वितरित की गई। युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, मंत्री मदन दाधीच ने बताया वर्तमान में कस्बे में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है इसी को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद परिवार की महिलाओं को समिति के द्वारा गुप्त दानदाता के सहयोग से अलग-अलग वार्ड में 300 स्वेटर वितरित की जाएगी। साथ ही समिति के द्वारा इससे पहले ग्रामीण क्षेत्र में 1000 कंबल छतर सिंह बोथरा परिवार की ओर से वितरित की जा चुकी है। इस अवसर पर समिति के विनोद भाटिया, शिव भगवान सोनी आदि सदस्य मौजूद रहे।

## धार्मिक कार्यक्रम आयोजित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** जलदाय विभाग के पास स्थित संत 1008 गंगा नाथ महाराज की बगीची में बाल संत योगी नंदी नाथ महाराज की इस कड़ाके की ठंड में 21 दिनों तक ठंडे मटकी के पानी से जलधारा तपस्या की आज तपस्या पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजलदेसर वासियों द्वारा सत्संग और भंडारे का कार्यक्रम रखा। जिसमें मोहल्ले के पोकर मल प्रजापत, गोपाल घोड़ेला, रामनारायण घोड़ेला, रूपाराम प्रजापत, भैराराम प्रजापत, विमल प्रजापत, बिड़दीचंद प्रजापत, मदन प्रजापत, भजनलाल घोड़ेला, सीताराम सैनी, नानगराम माली, बाबूलाल प्रजापत, विक्रम घोड़ेला, गजानंद, विष्णु जगमोहन, कपिल पारीक सहित अनेक सँख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही।

## जल भराव के कारण सड़क मिट्टी में दबी



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** गांव के चनाना-हनुमान कांटे से भाटीवाड़ बाइपास एवं चारावास रोड पर जल भराव की नासूर बनी समस्या काफी दिनों से चल रही है एवं सड़क पर मौहल्ले की नालियां टूटी होने से पानी के साथ मिट्टी बहकर आने के कारण सड़क मिट्टी में दब गई है। जिससे मिट्टी के कारण सड़क पर फिसलन होने से राहगीरों एवं बाइक सवार को परेशानी हो रही है। सीसी सड़क पर कुरैशियों के मोहल्ले से निकलने वाला गंदा पानी फैल रहा है। सड़क के पास नाली नहीं होने से सड़क पर ही कीचड़ फैलता रहता है। कीचड़ और जल भराव रहने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हनुमान कांटे से भाटीवाड़ एवं चारावास जाने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है लेकिन नालियों की कमी और घरों व टूटीयों से बहते गंदे पानी के कारण रास्ता हमेशा कीचड़ में डूबा रहता है। यह पानी और मिट्टी लगभग 70 मीटर तक सड़क पर फैली हुई है। ग्रामीणों के अनुसार छोटे बच्चे स्कूल जाते समय सीसी रोड पर रपटन के कारण फिसलने या गिरने का खतरा बना रहता है। सरकारी स्कूल जाने वाले रास्ते में पानी व कीचड़ भरा रहता है। मुख्य मार्ग अतिव्यस्ततम होने के कारण वाहन चालक और पैदल चलने वाले राहगीर के बीच दुर्घटना होने का हमेशा खतरा बना रहता है। साथ ही राहगीर के पास से वाहन गुजरते है तो गंदे पानी से कपड़े सन जाते है। गांव के विक्रम, पूनम मित्तल, बाबूलाल सोनी, अंकित, बबलू आदि ने सीसी रोड के समानांतर नाला बनाने एवं सड़क पर से मिट्टी हटवाने की मांग की है।

## माखन चोरी लीला देख भाव विभोर हुए श्रद्धालु



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** मठाधीश शिवालय वाले के पास भाईजी श्री हनुमानप्रसाद पोद्दार स्मृति महोत्सव के अंतर्गत हो रही रासलीला में शनिवार रात्रि को वृंदावन से आए कलाकारों ने कान्हा की माखन चोरी लीला का मंचन किया जिसे देखकर धर्म श्रद्धालु भावविभोर हुए। लीला के चतुर्थ दिवस वृंदावन से आए राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित निकुंज बिहारी रासलीला मंडली ने श्रीराधाकृष्ण का महारास, लीला में श्रीकृष्ण द्वारा अपने बाल सखा संग गोपियों के घरों में माखन चोरी की विभिन्न लीलाओं का भावमय सजीव मंचन किया गया। रसाचार्य कुंजबिहारी शर्मा ने कहा कि लीला में भगवान के साक्षात दर्शन मिलते हैं, लीला के माध्यम से प्रभु ने मानव समाज को धर्म पर चलने का अनुसरण कराया है। लीला शुरू होने से पूर्व देवीदत्त हारित, निरंजन सिंधी, राजकुमार मुरारका, रामावतार बुबना, पदम थर्ड, कुलदीप चौधरी ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा के संजीव स्वरूपों का पूजन किया। इस मौके पर संत चितरंजनदास महाराज, मुरारीलाल पोद्दार, स्मृति न्यास के रसेंदु फोगला, पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा, पृथ्वीराज प्रजापति, किशनलाल पंसारी, सांवरमल माटोलिया, विष्णुदत्त चौधरी, अंजनी शर्मा, कैलाश चौधरी, पवन जोशी, रामगोपाल मुरारका, ललित चौधरी, प्रकाश चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

# एयू जयपुर मैराथन 2026 का प्रोमो रन में जोश और ऊर्जा के साथ लगाई दौड़

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** एयू जयपुर मैराथन 2026 की तैयारियों को नई ऊर्जा देते हुए रविवार सुबह सेंट्रल पार्क जयपुर में आयोजित एयू जयपुर मैराथन प्रोमो रन ने शहर को फिटनेस और सकारात्मकता के रंग में रंग दिया। सर्द सुबह के साथ शुरू हुए इस आयोजन में रनर्स, फिटनेस एन्थूजियास्ट्स और युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। इस प्रोमो रन की शुरुआत संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा द्वारा फ्लैग ऑफ के साथ की गई।

इस दौरान एयू जयपुर मैराथन के सीईओ और आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा, जयपुर रनर्स क्लब के को-फाउंडर रवि गोयनका, प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। रन दस किलोमीटर और पांच किलोमीटर की दो कैटेगरी में की गई। ठंडी सुबह में भी रनर्स का उत्साह और अनुशासन देखने लायक रहा, जिसने पूरे माहौल को ऊर्जावान और प्रेरणादायक बना दिया। रन से पहले आयोजित वार्म-अप और जुम्बा सेशन ने प्रतिभागियों को पूरी तरह चार्ज कर दिया, जबकि रन के बाद आयोजित आफ्टर रन पार्टी और लैविश ब्रेकफास्ट ने इस आयोजन को एक परफेक्ट सेलिब्रेशन में बदल दिया। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं सुरेश मिश्रा ने कहा : श्सर्दियों की सुबह में भी जिस उत्साह के साथ लोगों ने इस प्रोमो रन में हिस्सा लिया, वह इस बात का प्रमाण है कि अब स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर समाज की सोच तेजी से बदल रही है। यह आयोजन लोगों को एक एक्टिव, पॉजिटिव और हेल्दी लाइफस्टाइल की ओर प्रेरित करने की एक सार्थक पहल है। एयू जयपुर मैराथन के सीईओ और आईआईईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने कहा कि यह प्रोमो रन एयू जयपुर मैराथन 2026 के प्रति लोगों में उत्साह, जागरूकता और भागीदारी बढ़ाने का एक अहम प्रयास है। आज जिस तरह से रनर्सए युवाओं और फिटनेस एन्थूजियास्ट्स ने जोश के साथ हिस्सा लिया, उसने यह साबित कर दिया कि जयपुर फिटनेस मूवमेंट को पूरे दिल से अपना रहा है। यह प्रोमो रन 1 फरवरी 2026 को होने जा रही एयू जयपुर मैराथन के 17वें संस्करण के लिए एक मंच तैयार करने का प्रयास है। जयपुर से पहले प्रोमो रन मुंबई, गुड़गांव जैसे शहरों में आयोजित की जा चुकी हैं। एयू जयपुर मैराथन के रजिस्ट्रेशन ओपन हैं तथा इच्छुक लोग एयू जयपुर मैराथन की वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जे.बी. शाह गर्ल्स महाविद्यालय में संस्था वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह ''कुटुम्ब कल्याणी'' का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रस्टी राकेश शाह, कॉलेज सलाहकार शिक्षाविद् अनुराग संगल रहे। कॉलेज सचिव राजकुमार मोरवाल, कॉलेज प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा व शिक्षाविद् अनुराधा संगल, लीप एज्यूकेशन, देहरादुन मां शारदे के समक्ष द्वीप प्रज्जवन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की थीम ''धरोहर-हमारी संस्कृति-हमारी सभ्यता'' रही जिसमें महाविद्यालय छात्राओं ने सांस्कृतिक, नाटक और देशभक्ति प्रस्तुतिया दी। इस अवसर पर ट्रस्टी राकेश शाह व समानित समस्त मंच द्वारा समस्त महाविद्यालय की शैक्षणिक व अशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी कड़ी में महाविद्यालय बी. ए. तृतीय वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को डॉ. कुन्दन बाला जैन ट्रॉफी दी। कार्यक्रम का संचालन छात्रा जकिया कुरैशी व रौनक मारवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अभिभावगण व शहर के प्रबुद्धजन पवन केडिया, कॉलेज सी.ए., परमेश्वर हलवाई, डी. एन. तुलस्यान, विश्वनाथ टीबड़ा, हरीश तुलस्यान, जहीर अहमद फारूकी, खुर्शीद, युनुश खान मौजूद रहे।

अंत में राजकुमार मोरवाल, संस्था सचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 238 मरीज लाभान्वित



सुरेन्द्र शर्मा

सीकर (नवयत्न)। सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सालासर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सालासर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए एवं चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट तथा डेंटल सर्जन की विशेषज्ञ टीम द्वारा 238 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, लक्ष्मी नारायण पुजारी, यशोदानंदन पुजारी, डॉ. नरोत्तम पुजारी, डॉ. लादू सिंह राव, विजय पुजारी, बाबूलाल पुजारी, मुकेश बेनीवाल सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

# भूगोल व्याख्याता के ट्रांसफर पर बवाल, ग्रामीणों ने स्कूल पर जड़ा ताला

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** अगवाना खुर्द गांव में भूगोल व्याख्याता अनिल के ट्रांसफर के बाद ग्रामीणों और विद्यार्थियों का गुस्सा फुट पड़ा। स्कूल पर ग्रामीणों ने ताला जड़कर स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक ट्रांसफर निरस्त नहीं होगा, तब तक विद्यालय का ताला नहीं खुलेगा। मामला तेजी से वायरल हो रहा है और शिक्षा विभाग पर दबाव बढ़ता दिखाई दे रहा है। मामला अगवाना खुर्द स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 2021 से कार्यरत लेवल प्रथम भूगोल व्याख्याता अनिल के ट्रांसफर आदेश जारी होने का है। रविवार सुबह गांव में भारी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया ग्रामीणों, महिलाओं और सैकड़ों विद्यार्थियों ने स्कूल पहुंचकर मुख्य गेट पर ताला लगा दिया विरोध प्रदर्शन कर रोष जताया। ग्रामीणों ने कहा कि अनिल ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कर बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। शिक्षक अनिल की प्रेरणा से ही भामाशाहों ने भी विद्यालय में विकास कार्य करवाए। लोगों ने साफ कहा है कि यदि ट्रांसफर रद्द नहीं होता तो स्कूल नहीं खुलेगा और कोई भी छात्र या स्टाफको स्कूल में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

### आज से धरना ग्रामीणों की सख्त चेतावनी

गांववासियों ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि अनिल की वापसी नहीं हुई तो सोमवार सुबह से विद्यालय प्रांगण में ग्रामीणों व छात्रों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। गुस्साए अभिभावकों ने कहा कि बच्चों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्रों का दावा है कि अनिल के जाने से पढ़ाई प्रभावित होगी और बोर्ड परीक्षाओं में परिणाम प्रभावित हो सकता है।



### बच्चों के छलके आंसू, शिक्षक को रोकने की भावनात्मक अपील

विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने शिक्षक अनिल के ट्रांसफर किए जाने पर आंखों में आंसू भरकर निवेदन किया कि उन्हें इसी स्कूल में रखा जाए। गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने भी कहा कि यह शिक्षक गांव के बच्चों के भविष्य की नींव रख रहा है और इसका जाना पूरे गांव के लिए नुकसान है। मौके पर राजकरण मान, सरपंच प्रतिनिधि चरणसिंह लुणायच, मास्टर जयसिंह मान, राजकरण मान, अजयपाल फोगाट, श्रवण फोगाट, सीताराम जांगिड़, महेंद्र सिंह, राधेश्याम, रामजीलाल, अमीलाल, राजेंद्र, दलीप, मीरा, बिमला, माया, ओमपति और मंजू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# वरिष्ठ सिविल न्यायधीश न्यायालय खुलवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर में वरिष्ठ सिविल न्यायधीश न्यायालय खुलवाने की मांग को लेकर अभिभाषक संघ तारानगर ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ को ज्ञापन दिया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण ने बताया कि तारानगर में सन् 1986 में सिविल न्यायाधीश का न्यायालय सृजित हुआ था जिसको सृजित हुये 39 वर्ष से अधिक हो गये हैं तथा उक्त न्यायालय में वर्तमान में लगभग 4000 पत्रावलियां विचाराधीन है लेकिन बेदखली, किराया नियंत्रण अधिनियम तथा आर्थिक क्षेत्राधिकार सम्बंधी प्रकरणों से सम्बधित मामलों के लिये तारानगर न्याय क्षेत्र के पक्षकारों को एसीजेएम कोर्ट राजगढ़ जाना पड़ता है।



भोगोलिक दृष्टि से तारानगर क्षेत्र के गांवों की दूरी राजगढ तक 120-125 किलोमीटर तक है जिसके कारण भी तारानगर क्षेत्र के न्यायार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं न्याय प्राप्ति में अत्यधिक खर्च वहन करना पड़ता है। इसलिये तारानगर मुख्यालय पर अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खोले जाने की महति आवश्यकता है। वर्तमान में तारानगर सिविल न्यायालय में 3200 फौजदारी प्रकरण व 800 सिविल प्रकरण सहित लगभग कुल 4000 प्रकरण विचाराधीन है जिससे एक ही सिविल न्यायालय होने से पक्षकारों तथा अधिवक्तागणों को न्याय प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिये माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा इस मांग पर सहानुभुति पूर्वक विचार कर तारानगर मुख्यालय पर अलग से वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश न्यायालय खोला जाता है तो पक्षकारों को न्याय प्राप्ति में सुविधा होगी तथा उक्त उक्त न्यायालय हेतु अस्थाई भवन न्यायालय परिसर में स्थित पक्षकार प्रतिक्षालय तथा बार रूम उपलब्ध करवा दिये जावेगें।

## 17 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी ने अशोक नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान तस्कर के पास से 85 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में 17 लाख रुपये बताई की गई है। सीएसटी ने यह कार्रवाई इंटेलिजेंस की सूचना पर की है। जो कच्ची बस्ती में रहकर मादक पदार्थ की सप्लाई कर रहा था। फिलहाल अशोक नगर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि ऑपरेशन श्क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने अशोक नगर थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ ड्रग्स स्मैक की तस्करी करने वाले आरोपित रवि कुशवाह 23 निवासी रोन भिंड, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। जो अशोक नगर थाना इलाके में स्थित भोजपुरा कच्ची बस्ती में काफी समय से रहकर ड्रग्स तस्करी कर रहा था। जयपुर क्राइम ब्रांच की इंटेलिजेंस टीम की सूचना पर ड्रग्स सप्लाई लेकर आए तस्कर को पकड़ने के लिए इलाके में दबिश दी गई। जहां संदिग्ध तस्कर को दबिश देकर पकड़ने पर तलाशी में 85 ग्राम स्मैक मिली। पकड़ी गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 17 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस अब तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

# करणी कृपा फाउंडेशन क्लासेज का शुभारम्भ व स्कूल एनुअल फंक्शन आगाज 3.0 कल

निसं

**मंडावा ( नवयत्न )।** मंडावा क्षेत्र कल, मंगलवार 13 जनवरी 2026 को शिक्षा और संस्कृति के एक भव्य समागम का साक्षी बनने जा रहा है। मौका है करणी कृपा स्कूल मंडावा में एनुअल फंक्शन आगाज 3०0 के आयोजन काए जिसके साथ ही करणी कृपा नीट व जेईई फाउंडेशन क्लासेज का औपचारिक शुभारंभ भी किया जाएगा। स्कूल परिसर में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम मंगलवार शाम 5.15 बजे शुरू होगा। संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशान्त ने मीडिया को बताया कि इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि छात्रों को नीट और जेईई जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा वाली कोचिंग की तर्ज पर उच्चकोटी की फैकल्टी द्वारा मंडावा में ही मार्गदर्शन मिलेगा। संस्थान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्रदान करते हुए, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सफल बनाना है। उन्होंने फैकल्टी की जानकारी देते हुए बताया कि आईआईटीयनस रवि जैन पूर्व परियोजना अधिकारी, आईआईटी रुड़की, बंदना गुप्ता बी.टेक. आईआईटी कानपुर व ललित सिंह एम.एस.सी. मैथ्स विद्यार्थियों को गणित में पारंगत करेंगे। वहीं विकास कपूर बी.टेक. आईआईटी दिल्ली, नितिन वरशने बी.टेक. आईआईटी कानपुरद्ध व अंकित ढ़ाका एमएससी फिजिक्स छात्र-छात्राओं को भौतिकी के गुर सिखायेंगे। इसी प्रकार डॉ. पूनम शर्मा पीएचडी एचपी युनीवर्सिटी शिमला, डॉ. नम्रता गुप्ता बीडीएस अवध इंस्टीट्यूट लखनऊ व पंचम मिश्रा एमएससी बॉयोलॉजी जीव विज्ञान के पाठ पढ़ायेंगे। डॉ. कपिल कुमार पीएचडी दिल्ली युनीवर्सिटी, डॉ. वाईएस यादव पीएचडी आगरा युनीवर्सिटी व राकेश कुमार एमएससी रसायन विज्ञान स्टुडेन्टस को केमेस्ट्री पढ़ायेंगे। संस्था निदेशक गणेश सिंह शेखावत ने बताया कि समारोह में अतिथि के रूप में आईआईटीयन श्री रवि जैन जो स्वयं फैकल्टी का हिस्सा हैं, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष झुंझुनू सज्जन मिश्रा, सीबीईईओ मंडावा पवन कुमार, नरेश सोनी नगरपालिका अध्यक्ष, मंडावा जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

### मेधावी छात्रों के लिए बड़ी घोषणा

संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशान्त ने बताया कि मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से श्री श्याम मेधावी विकास समिति, सींथल के सहयोग से 8 मार्च 2026 को एक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में चयनित छात्रों से वार्षिक शिक्षण शुल्क मात्र 11,000 लेकर स्कूलिंग व कोचिंग करवाई जायेगीए जबकि शेष सम्पूर्ण शुल्क समिति द्वारा वहन किया जाएगा। यह पहल उन गरीब और मेधावी छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो महंगे कोचिंग संस्थानों में नहीं जा सकते।

## पौष बड़ा महोत्सव मनाया



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** शहर में टीटेडा के पास मल्यावाला मंदिर के निकट पौष बड़ा का रविवार को आयोजन किया गया। मल्या वाले मंदिर में भगवान के जलेबी व कोफ्ता का सर्वप्रथम भोग लगाया। उसके बाद रहागिरों व आसपास के लोगों को आलू का कोफ्ता व जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवप्रसाद चेजारा, गणेश कुमावत, नरेंद्र चेजारा, भागीरथमल सैनी, राहुल चेजारा, गजेंद्र सिंह शेखावत, गोपी, रामकरण गढ़वाल, बसंत, लोकेश, अनिल जांगिड़, किशोर कुमावत, भरत सिंह, महेश आदि थे।

## सम्पादकीय

# वायु प्रदूषण से संघर्ष, राज्यों ने लिया सतत रूप से सक्रिय रहने का निर्णय



यह स्वागतयोग्य है कि देर से ही सही, दिल्ली और एनसीआर के सभी राज्यों ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सतत रूप से सक्रिय रहने का निर्णय किया। इसके सकारात्मक परिणाम निकलने चाहिए, पर ऐसा तब होगा, जब दिल्ली संग एनसीआर के राज्य वास्तव में वर्ष भर वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। समझना कठिन है कि अभी तक इसकी आवश्यकता क्यों नहीं समझी गई?

अभी स्थिति यह है कि जब वायु प्रदूषण सिर उठा लेता है, तब अलग-अलग राज्य अपने-अपने स्तर पर उससे निपटने के लिए सक्रिय होते हैं। यह सक्रियता निष्प्रभावी ही रहती है। यह किसी से छिपा नहीं कि इन दिनों दिल्ली-एनसीआर वायु प्रदूषण से त्रस्त है और उससे निपटने के लिए जो भी उपाय किए जा रहे हैं, वे अपर्याप्त सिद्ध हो रहे हैं।

वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति के बीच दिल्ली एवं एनसीआर के राज्यों ने वायु की गुणवत्ता संभालने के लिए साल भर प्रदूषण रोधी उपायों पर काम करने के लिए अपनी जो योजना केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सौंपी है, उसके तहत सभी राज्य 15 जनवरी से वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने का काम शुरू कर देंगे, जो वर्ष भर चलेंगे।

अच्छी बात यह है कि इन कामों की हर महीने समीक्षा होगी। इस सबके बावजूद प्रश्न यह है कि आखिर केवल दिल्ली एवं उससे सटे राज्य ही वायु प्रदूषण से पार पाने के लिए आगे क्यों आए हैं? यह कार्य तो हर राज्य और विशेष रूप से उत्तर भारत के सभी राज्यों को करना चाहिए।

अब वायु प्रदूषण केवल दिल्ली-एनसीआर की ही समस्या नहीं है, भले ही उसकी चर्चा अधिक होती हो। सच यह है कि अब सर्दियों में उत्तर भारत के करीब-करीब सभी राज्य वायु प्रदूषण से ग्रस्त रहने लगे हैं। इसी कारण भारत की गिनती उन देशों में होने लगी है, जहां की वायु सर्वाधिक प्रदूषित बनी रहती है। उचित यह होगा कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय देश के सभी राज्यों से वायु प्रदूषण से निपटने की ऐसी किसी योजना पर काम करने को कहे, जो वर्ष भर चलती रहे।

फिलहाल यह कहना कठिन है कि दिल्ली एवं एनसीआर के राज्यों ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 12 महीने सक्रिय रहने की जो तैयारी की है, उसके कैसे नतीजे कब तक सामने आएंगे, लेकिन यह समझा जाए कि वायु प्रदूषण से मुक्ति तभी मिलेगी, जब आम जनता उसके प्रति सजग होगी और साथ ही अपना योगदान देने के लिए भी तत्पर रहेगी।

लोगों को अपने जनप्रतिनिधियों पर इसके लिए दबाव डालना होगा कि वे जानलेवा साबित होते वायु प्रदूषण को गंभीरता से लें। उन्हें नगर निकायों पर भी दबाव बनाना होगा, क्योंकि स्थानीय स्तर पर जिन कारणों से वायु प्रदूषण बढ़ता है, उनका निवारण करने में वे नाकाम ही हैं।

## विशेष आलेख

# विवेकानंद ने 1893 में महसूस किया था, मोदी 2026 में झेल रहे हैं...!



डॉलर साम्राज्यवाद की धारणा को स्वामी विवेकानंद ने 1893 में पहले ही महसूस कर लिया था और आज 2026 में भारत की आर्थिक-राजनीतिक चुनौतियों में यह विचार प्रधानमंत्री मोदी के सामने भी उभर रहा है।कम लोगों को यह ज्ञात होगा कि अमेरिकी डॉलर साम्राज्यवाद की आहट को स्वामी विवेकानंद यानी नरेन्द्र नाथ दत्त ने 130 साल पहले ही भाँप लिया था। उन्होंने तब यह भविष्यवाणी भी की थी कि पश्चिमी आर्थिक प्रभुत्व को भविष्य में चीन से कड़ी चुनौती मिलेगी। आज 2026 में उसी डॉलर साम्राज्यवाद से उठी तपिश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संपूर्ण विश्व महसूस कर रहा है। दिलचस्प यह है कि चुनौती आज भी पूरब से ही उठ रही है। मगर भारत के सामने आज एक तिहरी चुनौती खड़ी है: वह अमेरिकी डॉलर के इस तंत्र का हिस्सा बना रहे, या चीन के वर्चस्व वाले ब्रिक्स यानी BRICS की मुद्रा को सशक्त करे, या फिर अपने गिरते रुपये के इकबाल को संभाले। कलकत्ता के एक कुलीन कायस्थ परिवार में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानन्द ने 1893 में हांगकांग और चीन के व्यस्त बंदरगाह कैंटन (ग्वांगझू) की यात्रा की थी। इस ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख ह्वान शिनचुआन ने Proceedings of the Indian History Congress (1979) में किया है। विवेकानन्द ने तब चीन को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा था जो फीनिक्स पक्षी की तरह राख से उठ खड़ा होगा और पश्चिमी साम्राज्यवादी ताकतों के बीच शक्ति का संतुलन पैदा करेगा।

### डॉलर का इस्तेमाल प्रभुत्व जमाने के लिए?

लेकिन जब स्वामी विवेकानंद अमेरिका पहुँचे और वहाँ के समाज व अर्थव्यवस्था का सूक्ष्म अवलोकन किया, तो उन्हें अहसास हुआ कि डॉलर की ताकत केवल व्यापार का साधन नहीं, बल्कि प्रभुत्व का औज़ार है। Complete Works of Swami Vivekananda में संकलित उनके पत्रों में यह टीस साफ़ झलकती है कि अमेरिका ने उन्हें 'डॉलर साम्राज्यवाद' के जरिए छला। उनका मंतव्य था कि अमेरिका ने वादा तो आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का किया, लेकिन व्यवहार में अपनी मुद्रा की शक्ति का उपयोग कर दुनिया को आर्थिक जाल में फाँसने का काम किया। यह सांस्कृतिक सहयोग के आवरण में आर्थिक वर्चस्व का खेल था। विवेकानन्द की दृष्टि केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि आर्थिक-राजनीतिक रूप से भी भविष्यदृष्टा थी। रूश्सस्त्रद्गह्ळ्ठ ढ्ठस्त्रद्वड्ड में उन्होंने लिखा था कि चीन तेजी से श्रमिक वर्ग की ओर बढ़ रहा है और भविष्य में समाजवाद व सामाजिक क्रांतियाँ सत्ता का केंद्र बदल देंगी। विवेकानन्द का अटूट विश्वास था कि आने वाले समय में सत्ता का केंद्र पूँजी से श्रम की ओर और पश्चिम से पूर्व की ओर स्थानांतरित होगा।

### रुपये, डॉलर के बीच संतुलन साधने की कोशिश

ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक, भारत ने हमेशा रुपये और डॉलर के बीच एक संतुलन साधने की कोशिश की। नेहरू ने योजनाबद्ध औद्योगीकरण के जरिए स्थिरता का प्रयास किया, तो शास्त्री के दौर में युद्ध और अकाल ने विनिमय दर पर दबाव डाला। 1966 में इंदिरा गांधी ने निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए रुपये का बड़ा अवमूल्यन किया। राजीव गांधी ने तकनीकी आधुनिकीकरण और उदारीकरण की खिड़की खोली। अंततः 1991 में नरसिंह राव और तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने ऐतिहासिक दो-चरणीय अवमूल्यन के ज़रिए संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को बचाया। Economic Survey 1991-92 साक्षी है कि इसी कदम से रुपया बाजार-आधारित विनिमय दर की ओर बढ़ा।

आज, जनवरी 2026 में स्थिति फिर चिंताजनक है। डॉलर के मुकाबले रुपया 90 के स्तर को छू रहा है और वैश्विक रेटिंग एजेंसियाँ इसके 94 तक गिरने की आशंका जता रही हैं। डॉलर की कठोरता, ऊर्जा आयात और इलेक्ट्रॉनिक्स पर निर्भरता जैसे कारक आज भी अर्थव्यवस्था पर भारी हैं। विपक्ष लगातार हमलावर है कि मोदी सरकार रुपये की साख बचाने में विफल रही है।

### मोदी सरकार की चीन नीति

प्रधानमंत्री मोदी की चीन नीति और उनकी यात्राएँ इस विडंबना को और गहरा करती हैं। 2015 में निवेश की उम्मीदें, 2018 की वुहान स्पिरिट और 2019 के महाबलीपुरम का सभ्यतागत संवाद- इन सबके बावजूद डोकलाम, लद्दाख और गलवान के संघर्षों ने रिश्तों में कड़वाहट भर दी। वर्ष 2025 में तियानजिन में मोदी की शी जिनपिंग और पुतिन से मुलाकात एक खट्टा-मीठा अनुभव रही, जहाँ एक ओर आर्थिक सहयोग की चर्चा थी तो दूसरी ओर रणनीतिक प्रतिस्पर्धा की कटुता। यहाँ एक बड़ा विरोधाभास उभरता है। 2013 में मुख्यमंत्री रहते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि रुपया गिरता है तो देश का इकबाल गिरता है। लेकिन आँकड़े बताते हैं कि 2014 में जो डॉलर 58.58 पर था, वह जनवरी 2026 तक 90 तक पहुँच गया है- यानी मोदी शासन के दौरान रुपये में लगभग 34त्न से अधिक की गिरावट आई है।

अब 2026 में भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। Contemporary BRICS Reports (Jan 2026) के अनुसार, मुख्य एजेंडा स्थानीय मुद्राओं में व्यापार और डॉलर पर निर्भरता कम करना है। चीन अपनी मुद्रा युआन को वैश्विक विकल्प के रूप में पेश कर रहा है। यह विवेकानन्द की उसी भविष्यवाणी की गूँज है कि पूरब से डॉलर के विरुद्ध प्रतिरोध उठेगा।

### ब्रिक्स की मुद्रा लाने की तैयारी

ब्रिक्स मुद्रा वर्तमान में एक डिजिटल यूनिट ऑफ अकाउंट के रूप में अपने अंतिम चरणों में है और 2026 के शिखर सम्मेलन में इसके पायलट लॉन्च की प्रबल संभावना है। लेकिन यहाँ मोदी के लिए कूटनीतिक जोखिम बहुत बड़ा है। यदि वे ब्रिक्स अध्यक्ष के रूप में इस नई मुद्रा को लॉन्च करते हैं तो इसे सीधे तौर पर वॉशिंगटन के वित्तीय प्रभुत्व पर प्रहार माना जाएगा।

ऐसी स्थिति में, अमेरिकी बाजारों से पूंजी का पलायन शुरू हो सकता है और डॉलर की आक्रामकता बढ़ सकती है, जो पहले से ही कमजोर चल रहे भारतीय रुपये को और भी गर्त में धकेल सकता है।

इसलिए आज भारत गहरे दबाव में है। चीन कह रहा है कि अमेरिका भारत को बुली कर रहा है और भारत की खामोशी वाशिंगटन को और मजबूत करेगी। रूस भी भारत को डॉलर से किनारा करने के लिए उकसा रहा है। मोदी सरकार के सामने यह यक्ष प्रश्न है: क्या वे ब्रिक्स की नई मुद्रा प्रणाली को मजबूत कर डॉलर को चुनौती दें, या अपने गिरते रुपये को संभालने के लिए अमेरिकी तंत्र का ही सहारा लें?

वर्तमान में अमेरिका डॉलर की शक्ति का उपयोग शिफ्ट नेटवर्क से बहिष्कार और प्रतिबंधों के लिए हथियार की तरह कर रहा है। वेनेज़ुएला और रूस इसके उदाहरण हैं। यही वह डॉलर साम्राज्यवाद है जिसे विवेकानन्द ने सवा सदी पहले पहचान लिया था।

नरेन्द्रनाथ दत्त की अंतर्दृष्टि और नरेन्द्र मोदी की वर्तमान चुनौतियाँ एक ही सत्य के दो पहलू हैं। वैश्विक शक्ति सदैव गतिशील रहती है। विवेकानन्द ने डॉलर के उदय और उसके संभावित प्रतिरोध को भांप लिया था। आज, प्रधानमंत्री मोदी को एक ऐसी दुनिया में भारत का नेतृत्व करना है जहाँ वह प्रतिरोध हकीकत बन चुका है, लेकिन उसके साथ नए जोखिम भी जुड़े हैं।

## स्वास्थ्य समाचार

# फर्टिलिटी बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें यह मैक्रोन्यूट्रिएंट्स, कंसीव करने में मिलेगी मदद

खराब खनपान, अस्वस्थ जीवनशैली, धूम्रपान, शराब का अधिक सेवन और तनाव की वजह से फर्टिलिटी काफी हद तक प्रभावित होती है। खराब फर्टिलिटी के कारण महिलाओं के एग की गुणवत्ता कम होती है और पुरुषों में कम शुक्राणों की समस्या बढ़ जाती हैं। समय पर अगर इस पर ध्यान नहीं दिया, तो महिला को कंसीव करने में दिक्कत आती है। ऐसे में महिला और पुरुषों दोनों को फर्टिलिटी बढ़ाने के लिए कई तरह के मैक्रोन्यूट्रिएंट्स का सेवन किया जा सकता है। ये मैक्रोन्यूट्रिएंट्स शरीर में पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने के साथ महिला और पुरूष दोनों को हेल्दी रखते हैं।




**फोलेट :** फोलेट शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। फोलेट में भरपूर मात्रा में विटामिन डी पाया जाता है, जो पुरुषों में स्पर्म की क्वालिटी को बढ़ाने के साथ उसको हेल्दी रखने में मदद करता है, जिससे कंसीव करने में आ रही समस्या दूर होती है। फोलेट का सेवन करने के लिए हरी सब्जियां और ब्रोकली का सेवन किया जा सकता है।

**को- इंजाइम- क्यू-10 :** को-इंजाइम- क्यू-10 मैक्रोन्यूट्रिएंट्स के सेवन से स्पर्म में गतिगिलता बढ़ती है, जिससे महिला को कंसीव करने में आ रही समस्या दूर होती है। इसके सेवन से ऑक्सडेटिव तनाव भी कम होता है। इस मैक्रोन्यूट्रिएंट्स के सेवन के लिए मूंगफली और पालक का सेवन किया जा सकता है।

**आयरन :** फर्टिलिटी बढ़ाने के लिए डाइट में आयरन को शामिल करना जरूरी होता है। आयरन ओवरी में मौजूद एग को हेल्दी रखने के साथ प्रीमैच्योर बेबी होने की संभावना को टालता है। आयरन के सेवन के लिए हरी सब्जियां, काली किशमिश और खजूर का सेवन किया जा सकता है।

**विटामिन बी12 :** फर्टिलिटी बढ़ाने के लिए डाइट में विटामिन बी12 को शामिल करें। विटामिन बी12 महिलाओं में असंतुलित हार्मोन को ठीक करने के साथ पीरियड्स को समय पर लाता है, जिससे ओवलेशन समस पर होता है। विटामिन बी-12 का सेवन करने के लिए दही और डोसा को शामिल करें।

**ओमेगा-3 :** ओमेगा-3 महिलाओं की एग क्वालिटी में सुधार के साथ असंतुलित हार्मोन की समस्या को कई गुना बढ़ाते है। ओमेगा-3 के सेवन से शरीर का ब्लड फ्लो बढ़ता है और कंसीव करने में मदद मिलती है। ओमेगा-3 के सेवन के लिए फ्लैक्स सीड्स, चिया सीड्स और अखरोट का सेवन किया जा सकता हैं।

**जिंक :** फर्टिलिटी बढ़ाने के लिए महिला और पुरुष दोनों को जिंक का सेवन करना चाहिए। इसके सेवन से पुरुषों में टेस्टोरोन हार्मोन और स्पर्म क्वालिटी में सुधार होता है। इसके सेवन के लिए डाइट में सफेद छोले, कद्दू के बीजों और काजू का सेवन किया जा सकता है।

**सेलेनियम :** फर्टलिटी बढ़ाने के लिए डाइट में सेनियम का सेवन करना जरूरी होता है। सेलेनियम ऑक्सडेटिव तनाव को कम करने के साथ पुरुषों में स्पर्म को बढ़ाता है और कंसीव करने में मदद करता है। सेलेनियम का सेवन करने के लिए डाइट में ब्राजील नट्स और सूरजमुखी के बीजों को शामिल करें।

# किडनी की है समस्या तो भूल से भी ना खाएं ये फूड्स

किडनी को शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। यह शरीर के लिए फिल्टरनेशन सिस्टम की तरह काम करता है। इसकी मदद से अपशिष्ट पदार्थ बाहर निकलते हैं। हालंकि, जब किडनी सही तरह से काम नहीं करती है तो इससे ब्लड को सही तरह से फिल्टर करना काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में व्यक्ति को अन्य भी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जब किसी को किडनी की समस्या होती है तो ऐसे में यह बेहद जरूरी हो जाता है कि आप अपने खान-पान का खास ख्याल रखें। ऐसी कई चीजें होती हैं, जिन्हें किडनी की समस्या होने पर खाने से आपकी समस्या बढ़ सकती है।

**कैफीन युक्त ड्रिंक्स :** किडनी की समस्या होने पर कैफीन युक्त ड्रिंक्स जैसे कॉफी, चाय और एनर्जी ड्रिंक आदि का सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, कैफीन एक मूत्रवर्धक के रूप में कार्य कर सकता है। ऐसे में जब आप कैफीन युक्त ड्रिंक्स पीते हैं तो इससे आपको बार-बार पेशाब जाना पड़ सकता है और इससे आपको डिहाइड्रेशन हो सकता है।

**प्रोटीन रिच फूड्स :** यूं तो शरीर के लिए प्रोटीन जरूरी है, लेकिन अगर आप बहुत अधिक मात्रा में प्रोटीन खाते हैं तो इससे आपकी किडनी पर अधिक दबाव पड़ सकता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि प्रोटीन के टूटने से अपशिष्ट पदार्थ बनते हैं जिन्हें किडनी को फ़िल्टर करना पड़ता है। इसलिए, आप प्रोटीन का सेवन करें, लेकिन उसे सीमित मात्रा में ही लें। बेहतर होगा कि आप रेड मीट, मछली और डेयरी उत्पाद का सेवन कम करें।


**हाई पोटेशियम फूड्स :** पोटेशिय मसल्स और हार्ट फंक्शनिंग के लिए जरूरी माना जाता है। लेकिन अगर आपको किडनी की समस्या है तो ऐसे में पोटेशियम का अधिक सेवन करना आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि किडनी कमजोर होने पर वह अतिरिक्त पोटेशियम को प्रभावी ढंग से फ़िल्टर नहीं कर पाता हैं।

# माथे पर दिखने वाली फाइन लाइंस दूर करने के लिए आजमाएं यह घरेलू उपाय

चेहरे को जवां, खूबसूरत और ग्लोइंग बनाए रखने के लिए महिलाएं और पुरुष सैलून में तरह-तरह के महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट्स लेते हैं। हालांकि, इन ट्रीटमेंट्स का असर कुछ खास नजर नहीं आता है और इनमें इस्तेमाल किए गए प्रोडक्ट्स में कई तरह के केमिकल्स का प्रयोग भी होता है, जिनका ज्यादा इस्तेमाल करने से स्किन संबंधी अन्य समस्याएं हो सकती है। खासकर, सबसे ज्यादा समस्या लोगों को तब होती है, जब माथे पर फाइन लाइंस होने लगती हैं। उम्र के साथ माथे पर फाइन लाइंस या झुर्रियां होना एक आम बात है लेकिन वर्तमान समय में खराब खानपान की आदतों के अलावा ज्यादा धूप में रहने और पोषण की कमी के कारण भी फाइन लाइंस या झुर्रियों की समस्या कम उम्र से ही होने लगती है।

**फेस मसाज :** माथे की फाइन लाइंस को कम करने के लिए फेस मसाज एक अच्छा और कारगर घरेलू उपाय है। इसके लिए आप अपने पसंदीदा फेस ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। आप अपने हाथों की उंगलियों पर फेस ऑयल लें और फिर इससे धीरे-धीरे पहले सर्कुलर मोशन में और फिर नीचे से ऊपर की और मसाज करें। 5 मिनट के बाद आप अपनी उंगलियों को माथे की बीच में रखें और फिर कानों की तरफ उंगलियों को ले जाते हुए मसाज करें। मसाज करने से त्वचा में रक्त संचार यानी ब्लड फ्लो बढ़ता है, जिससे मांसपेशियों को पोषण मिलता है और फाइन लाइंस जैसी समस्याएं दूर हो सकती हैं। मसाज करने से उम्र के साथ स्किन पर दिखने वाले लक्षण कम हो सकते हैं। इसके साथ ही स्किन ग्लोइंग नजर आती है।

**दही और शहद मास्क :** माथे पर होने वाली फाइन लाइंस को कम करने के लिए दही और शहद से बना मास्क लाभदायक हो सकता है। दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। ये त्वचा को मॉइश्चराइज करते हैं और नमी को बनाए रखने में मदद करते हैं, जिससे त्वचा की फाइन लाइंस कम दिखती हैं। वहीं, शहद एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो त्वचा को हेल्दी बनाए रखने में सहायक होता है। जिन लोगों के माथे पर ड्राईनेस या धूप के ज्यादा एक्सपोजर के कारण फाइन लाइंस बनी हैं उनके लिए दही और शहद का मास्क कारगर साबित हो सकता है। इसे बनाने के लिए 2 चम्मच दही में आधा चम्मच शहद मिलाकर फेस मास्क का पेस्ट तैयार करें और फिर इसे अपने माथे और पूरे चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट के बाद फेस मास्क को ताजे पानी से साफ करें। नियमित रूप से इस फेस मास्क का इस्तेमाल करने से आपको लाभ मिल सकता है।



**गाजर और खीरे का जूस :** खराब खानपान की आदतों के कारण भी कम उम्र से ही माथे पर फाइन लाइंस की समस्या हो सकती है। अगर आपके शरीर को जरूरी पोषण प्राप्त नहीं होगा तो इसका बुरा असर आपकी स्किन पर पड़ेगा, जिसके कारण फाइन लाइंस की समस्या हो सकती है। ऐसे में आप माथे पर होने वाली फाइन लाइंस को कम करने के लिए रोजाना डाइट में खीरे या गाजर का जूस जरूर शामिल करें। गाजर और खीरे में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं जो त्वचा को हेल्दी और जवां बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा। व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। सहकर्मियों का सहयोग मिलने के बाद आनंद दोगुना हो जाएगा।

### वृष
भाग्य का सहकार कम ही मिलेगा। अधिकारी से विवाद ना करें। संतान के विषय में चिंता रहेगी आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

### मिथुन
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्य जीवन में सुख और आनंद मिलेगा। दोपहर के बाद परिजनों के साथ किसी कारणवश कोई कन्फ्यूजन हो सकता है।

### कर्क
आज शारीरिक ताजगी का आप में अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है। संतान के विषय में चिंता सताएगी। दोपहर के बाद भी स्थिति ऐसी ही बनी रहेगी।

### सिंह
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा। परिवार में मन दुख होने से घर का वातावरण दूषित होगा। धन का खर्च अधिक होगा।

### कन्या
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा। आर्थिक योजनाओं को ठीक तरह से पूरा कर सकेंगे।

### तुला
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है। दूसरों के साथ बातचीत करने में विशेष ध्यान रखें। व्यापार में कोई मुश्किल हो सकती है।

### वृश्चिक
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। परिवार में सुख शांति रहेगी। पिता से किसी तरह का आर्थिक लाभ मिल सकता है। सामाजिक जीवन में भी आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### धनु
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। बौद्धिक चर्चा में अपने टेलेंट को बता पाएंगे।

### मकर
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा। दोपहर के बाद परिजनों तथा भाई-बहनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। विरोधियों को पराजित कर पाएंगे।

### कुंभ
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्य वृद्धि का अवसर मिलेगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े कामकाज में सावधानी बरतें।

### मीन
आपको मेहनत का उचित परिणाम नहीं मिलने से निराशा होगी। आपका मन किसी एक निश्चित निर्णय लेने की स्थिति नहीं रहेगा। कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

## निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** बाबा सुंदरदास गोपाल गोशाला जाखल के तत्वावधान में रविवार को सौंथलिया गेस्ट हाउस में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता दो वर्गों में हुई। चित्रकला वर्ग में विद्यार्थियों ने गौमाता और प्रकृति का संतुलन विषय पर अभिव्यक्ति प्रस्तुत कीए वहीं निबंध लेखन में भारतीय संस्कृति और जीवन में गोमाता का महत्व विषय पर अपने विचारों, भावनाओं एवं कल्पनाओं को प्रभावी ढंग से रखा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, गो-संरक्षण तथा ग्रामीण जीवन के महत्व के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष प्रताप सिंह मूंड ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन सम्मान समारोह में मेडल, नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा आयोजन में जगदीश सिंह शेखावत, सुरेंद्र पारीक, देवीलाल, अश्वीर सिंह, सत्यप्रकाश, नेमीचंद, मनजिंद्र सिंह, भरत ढ़ाका, निकेंद्र सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।

## ज्वेलरी शॉप चोरी गैंग की मास्टरमाइंड गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाली महिला चोर गैंग की मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी महिला से पूछताछ में सामने आया है कि वह अपने महंगे शौक और मौज-मस्ती के लिए महिला चोर गिरोह का संचालन कर रही थी। पुलिस अब गिरोह में शामिल अन्य महिलाओं की तलाश में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि तीन जनवरी को जगतपुरा बाजार स्थित श्याम ज्वैलर्स पर तीन महिलाएं खरीदारी के बहाने पहुंचीं और दुकानदार को बातों में उलझाकर चांदी की पायल की एक ट्रे चोरी कर फरार हो गईं। बाद में सामान मिलान के दौरान चोरी का पता चलाए जिस पर पीड़ित के पुत्र ने एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए महिला चोर गिरोह की मास्टरमाइंड नीरु उर्फ सोन्या 38 निवासी कोटा को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोटा में दबिश देकर पकड़ा गया। उसके कब्जे से चोरी की गई चांदी की छह पायल बरामद की गई हैं। पूछताछ में आरोपित नीरु ने अपनी रिश्तेदार महिलाओं मौसम और गुड्डी के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी महिला ने बताया कि गिरोह कई राज्यों में ज्वेलरी शॉप पर दुकानदारों को बातों में लझाकर सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर चुका है। चोरी के माल को बेचकर वह अपने परिवार का खर्च चलाने के साथ मौज.मस्ती में पैसे उड़ाती थी। पुलिस के अनुसार यह गिरोह एयरपोर्ट इलाके के अलावा प्रतापनगर और झोटवाड़ा क्षेत्र में भी ज्वेलरी शॉप चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

## पौष बड़ा महोत्सव आयोजित



सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सामाजिक संस्था सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा पौष बड़े का आयोजन किया गया। सदस्यों द्वारा पौष बड़ा बनाकर डिपो कच्ची बस्ती और एस के हॉस्पिटल में वितरित किए गए। संस्था मुख्य सदस्य समाजसेवी परविंदर कौर ने बताया कि पौष माह को दान-पुण्य के लिए शुभ माना जाता है और पौष बड़े का वितरण इसी परंपरा का हिस्सा है, जिससे आध्यात्मिक आनंद मिलता है।

इस अवसर पर सिहोटिया परिवार द्वारा सेवा दी गई। संस्था सदस्य प्रीति सिहोटिया ने बताया कि मातृशक्ति ने घर पर ही प्रसाद बनाकर बस्ती में वितरित किया। इस सेवा कार्य में आनंद सिहोटिया, रोहित सिहोटिया, आरती शर्मा, करिश्मा शर्मा, दीक्षा मेहता, करिश्मा शर्मा, हंसा शर्मा, कोमल राठौड़, मनोहर शेखावत, भारत सेठी का सहयोग रहा।

# मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को लेकर कांग्रेस का धरना और उपवास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून को समाप्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत शनिवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस कमेटियों की ओर से धरना एवं उपवास कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयपुर में शहीद स्मारक पर हुए कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, एआईसीसी प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली शामिल हुए।



प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि मनरेगा गरीबों की रोजी-रोटी का आधार रही है, जिसे समाप्त कर केंद्र की भाजपा सरकार ने ग्रामीण गरीबों से रोजगार का अधिकार छीन लिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि नई योजना में न तो रोजगार की गारंटी है और न ही पूरी मजदूरी की जिम्मेदारी केंद्र सरकार ले रही है बल्कि 40 प्रतिशत भार राज्यों पर डाला जा रहा है। उन्होंने राजस्थान सरकार की वित्तीय स्थिति को कमजोर बताते हुए कहा कि ऐसे में योजना का संचालन संभव नहीं है। एआईसीसी प्रभारी रंधावा ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में गरीबों के हित में मनरेगा की पुनर्स्थापना के लिए संघर्ष कर रही है जबकि भाजपा सरकार उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में लगी है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि क्या राज्य सरकार नई योजना में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी वहन करने को तैयार है।

कांग्रेस ने मनरेगा को पूर्व प्रावधानों के साथ बहाल करने की मांग दोहराई।

## शिविर आज

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 55 वां शिविर 12 जनवरी सोमवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। लायंस क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम् रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।

## भारती दूसरी बार जिलाध्यक्ष नियुक्त

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** आल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित एसडी शर्मा के आदेशानुसार राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम जैमिनी के निर्देशानुसार और महासभा के चूरू जिला अध्यक्ष मनीष रिणंवा की अनुशंसा पर महासभा महिला इकाई की प्रदेशाध्यक्ष अरुणा गौड़ ने शहर की आयरन लेडी के नाम से पहचान रखने वाली भारती राजेश मुद्गल को महासभा की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष का दूसरी बार दायित्व दिया। भारती की नियुक्ति पर विभिन्न सामाजिक



व ब्राह्मण समाज के सगंठनों ने महासभा के केंद्रीय व राज्य पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भारती को बधाई व शुभकामनायें पेषित की।

## अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी का अधिवेशन संपन्न

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी का 11वां अधिवेशन किसान सभा के जिलाध्यक्ष इंद्राज सिंह के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। अधिवेशन की शुरुआत संगठन के ध्वजारोहण के साथ की गई तथा शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर किसान आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। अधिवेशन में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें सर्वसम्मति से मदनलाल जाखड़ को अध्यक्ष, बिरजूराम खीचड़ को सचिव तथा ओमप्रकाश तालणिया को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इससे पूर्व बैठक को संबोधित करते हुए मदनलाल जाखड़ ने बीते तीन वर्षों की



संगठनात्मक एवं आंदोलनात्मक गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों फसल बीमा क्लेम में हो रही देरी, बिजली की समस्याएं, सिंचाई पानी की उपलब्धता तथा अन्य किसान हितों के प्रश्नों पर गहन चर्चा की गई और इन मुद्दों को लेकर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया गया। अधिवेशन में तहसील कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। कार्यकारिणी में नौरंगराम सारण एवं देवाराम को उपाध्यक्ष, विनोद सिंह राठौड़ एवं सियाचंद कानसुजिया को संयुक्त मंत्री, एडवोकेट बिशनसिंह रुलानिया को कानूनी सलाहकार तथा किशन ढाका को संयोजक निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर हनुमान ढाका, महेंद्र बरोड़, पूसाराम कुड़ी, लेखूराम फौजी, मनीष जाखड़, राजपाल सारण, सीताराम झाझड़िया, प्रहलाद राम, शिवनारायण नाथ, तेजाराम एवं भागीरथ खेरिया को शामिल किया गया।

## म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था का वार्षिक महोत्सव आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था के तीन दिवसीय वार्षिक श्याम महाकुंभ के दूसरे दिन रविवार को श्याम पार्क परिसर भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा। शाम सवा 4 बजे शुभारंभ होते ही 101 थालियों में सजी भव्य आरती और श्याम बाबा के जयकारों से वातावरण खाटूधाम सा बन गया। संस्था अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया कि बाबा श्याम का भव्य फूल बंगला सजाया गया, जहां छप्पन भोग एवं गर्म तासीर वाले व्यंजनों की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। अखंड ज्योत



प्रज्वलन के साथ भजन संध्या का शुभारंभ हुआ। वृंदावन के कुंज बिहारी दास महाराज सहित अजहर अली, अमितनामा, सुनील शर्मा, गोपाल सेन, निशा गोविंद, दिनेश संगम, विजय गंगवानी, रश्मि ओझा, आदित्य छिपा, शुभम शर्मा, हिमांशी कंडारा व रिदेश अरोड़ा ने सुमधुर भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। संपूर्ण रात्रि इत्र वर्षा और पुष्प वर्षा होती रही। कार्यक्रम में चिंताहरण काले हनुमान मंदिर के महंत महामंडलेश्वर मनोहर दास महाराज, हाथोज धाम के महामंडलेश्वर बालमुकुंद आचार्य महाराज, झिलाई-निवाई के प्रकाश दास महाराज एवं खाटूधाम से पुरुषोत्तम महाराज सहित संत-महंतों का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ।

## बाबा खेत्रपाल का मेला 15 जनवरी को

निलेश मुद्गल

झुंझुनू (नवयत्न)। झुंझुनू के निकटवर्ती ग्राम तोगड़ा खुर्द में 15 जनवरी को श्री श्री 1008 बाबा खेत्रपाल महाराज के मंदिर पर लगने वाले वार्षिक मेले में 13 जनवरी से वालीबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेगी। मेले में ऊंट नृत्य, घोड़ी नृत्य, मटका दौड़, म्यूजिकल चेयर, रस्साकसी व बच्चों से संबंधित अनेक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। बाबा खेत्रपाल के इस मेले में मनोरंजन हेतु अनेक प्रकार के झूले, विभिन्न प्रकार के व्यंजन/चाट, कृषि उपकरण व घरेलू उपयोग की वस्तुओं से संबंधित अनेक दुकानें लगेगी, जिसका लुत्फ श्रद्धालु उठा सकेंगे।

## पोल लगाते समय पेयजल आपूर्ति लाइन क्षतिग्रस्त

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम बुधवाली में बिजली विभाग द्वारा दो सप्ताह पूर्व 11 हजार केवी लाइन का पोल लगाते समय पेयजल आपूर्ति लाईन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके चलते लगातार पानी का रिसाव हो रहा है तथा लगाया गया पोल अब गिरने के कगार पर है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को इस समस्या से अवगत भी करवाया है लेकिन दो सप्ताह व्यतीत हो जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। गांव के सद्दाम मलकान, नियाज मोहम्मद, आमीन खां ने बताया कि इस समस्या के संदर्भ में



जलदाय एवं बिजली विभाग को समय रहते हुए सूचना दे दी गई है लेकिन उसके बावजूद भी पेयजल आपूर्ति की लाईन की मरम्मत नहीं की गई है तथा पानी का रिसाव होने की वजह से लगाया गया बिजली पोल गिरने के कगार पर है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## भक्ति पर्व के अंतर्गत आध्यात्मिक सत्संग आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** संत निरंकारी मिशन तारानगर की ओर से रविवार सैनी संस्था में भक्ति पर्व के अंतर्गत आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस मौके पर संत बालकृष्ण महाराज सरदारशहर ने कहा कि मानव जन्म प्रभु प्राप्ति के लिए होता है, जबकि मनुष्य संपूर्ण जीवन को सांसारिक कार्यों में ही गंवा देता है। उन्होंने कहा कि इंसान को सदाचरण का पालन करते हुए प्रभु प्राप्ति का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर इंद्राज दायमा के संचालन में लंगर की व्यवस्था की गई। इस अवसर मोहनलाल पुनिया, खिराज पुनिया, पवन कुमार सोनी, जेठाराम पटीर, कुमाराम, झिंड़ूराम दायमा, ओम सिंह, चुन्नीलाल, रामनिवास व शीशराम दायमा सहित गांव चगोई, राजपुरा, गाजुवास, सात्यूं व ढ़ाणी पुनिया सहित अनेक गांवों के श्रद्धालु मौजूद थे।

## भगवान से ही जीव का शाश्वत संबंध, जगत मात्र व्यवहार : आचार्य मृदुल कृष्ण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री गिर्राज संघ परिवार, विश्वकर्मा जयपुर के 27वें वार्षिकोत्सव पर विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित अग्रसेन हॉस्पिटल के पीछे चल रहे 108 श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन रविवार को विश्व विख्यात कथा व्यास भागवत रत्न आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि भगवान से ही जीव का शाश्वत संबंध है जबकि जगत केवल व्यवहार मात्र है। कथा के दौरान उन्होंने तृष्णा के तीन प्रकार लोकेषणा, पुत्रेषणा और वित्तेषणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यही मनुष्य को संसार में बांधती हैं। साथ ही बुद्धि के चार



स्वरूपों मति, सुमति, महामति और मंदमति का उल्लेख करते हुए सर्वकल्याण की भावना को श्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि ईश्वर साकार और निराकार दोनों हैं तथा भक्त की भावना के अनुसार तदाकार हो जाते हैं। महाराज ने भीष्म पितामह प्रसंग, परीक्षित जन्म कथा, परीक्षित-कलियुग संवाद, परीक्षित श्राप एवं ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और कथा पंडाल राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठा। कथा के आरंभ व समापन पर पूजन-आरती संयोजक विनोद गोयल व श्री गिर्राज संघ परिवार के पदाधिकारियों ने की। इस अवसर पर 125 ब्राह्मणों द्वारा श्रीमद्भागवत मूल पाठ किया गया। संघ अध्यक्ष रामरतन अग्रवाल व महामंत्री गिरीश अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्म कथा के साथ नंदोत्सव होगा। 13 जनवरी को बाल लीला व गिरिराज पूजन, 14 को महारास व रुक्मिणी विवाह तथा 15 जनवरी को सुदामा चरित्र व पूर्णाहुति होगी।

## निकिता चौधरी ने किया एआईबी एक्जाम क्लीयर



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय प्रगति नगर की निवासी निकिता चौधरी ने प्रथम प्रयास में ही आल इंडिया बार एक्जाम में सफलता हासिल की है। स्व. एडवोकेट रमेश गुलेरिया व मंजू चौधरी की पुत्री निकिता चौधरी ने ये सफलता हासिल की है। जिस पर एडवोकेट भंवरसिंह, भीमसिंह, महेंद्र सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए निकिता चौधरी को बधाई दी है।

## इनकम टैक्स गैजेटेड ऑफिसर्स एसोसिएशन को मिला नया अध्यक्ष



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इनकम टैक्स गैजेटेड ऑफिसर्स एसोसिएशन राजस्थान इकाई के अध्यक्ष पद पर जखराना निवासी सुमित तिवारी का निर्विरोध चयन किया गया। जयपुर में आयोजित चुनाव प्रक्रिया में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पूर्व पदाधिकारी व संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। वर्तमान में अलवर में आयकर अधिकारी के पद पर कार्यरत सुमित तिवारी आईटीजीओ, राजस्थान के अध्यक्ष बनने वाले सबसे कम उम्र के सदस्य बने हैं। अन्य पदों पर कुमार रवि रंजन को उपाध्यक्ष, राकेश कुमार शर्मा को महासचिव तथा सत्य प्रकाश बावता को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष तिवारी ने इसे संगठन द्वारा प्रदत्त सामूहिक विश्वास बताया और कहा कि यह पद सेवा और जिम्मेदारी का दायित्व है। उन्होंने समयबद्ध पदोन्नति, कैडर पुनर्गठन, पर्याप्त मानव संसाधन, आधुनिक अवसंरचना और पारदर्शी सेवा शर्तों को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से आवाज उठाने का संकल्प व्यक्त किया।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का सत्संग आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से रविवार को बड़ी चौपड़ स्थित मंदिर श्री रामचंद्र जी के प्रांगण में भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और साधक उपस्थित रहे। संस्थान के स्वामी नरेंद्र नंद ने प्रवचन में गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्ण गुरु के बिना जीवन में आत्मज्ञान संभव नहीं है। उन्होंने सर्वश्री



आशुतोष महाराज के आध्यात्मिक व्यक्तित्व और उनके द्वारा बताए गए भक्ति मार्ग का उल्लेख करते हुए कहा कि सच्चा गुरु ही शिष्य के भीतर ईश्वरीय चेतना को जाग्रत कर मोक्ष मार्ग प्रशस्त करता है। सत्संग के बाद भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। साधकों ने भजनों पर नृत्य कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को पौषबड़ा प्रसादी वितरित की गई।

संस्थान के स्वयंसेवकों ने आयोजन की व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संभाली।

## खनन के विरुद्ध धरना जारी



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत बामलास एवं गुढ़ा बावनी में जारी अवैध खनन के विरुद्ध ग्रामीणों का ठिठुरती ठंड में भी 14 दिन से धरना जारी है। धरने पर जमकर सरकार व प्रशासन विरुद्ध नारेबाजी लगातार जारी है। धरने की अध्यक्षता हरिराम सीथल ने की। इस अवसर पर धरनार्थियों ने तहसील कार्यालय का घेराव की घोषणा की। मंगलवार 13 जनवरी को तहसील कार्यालय पर धरना देंगे और मुख्यमंत्री के नाम पुनः ज्ञापन देंगें धरना स्थल से मरुसेना फाउंडेशन के एडवोकेट जयन्त मूंड ने कहा कि 14 दिन से धरना जारी है लेकिन प्रशासन कोई सुनवाई नही कर रहा है। इसको लेकर 13 जनवरी को गुढागौड़जी तहसील कार्यालय का घेराव करके सांकेतिक धरना देंगे एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे। इसको लेकर आज हमने बामलास धाम पर धोक देकर पीले चावल अर्पित किए और गुढ़ा बावनी, हुकुमपुरा एवं बामलास में पीले चावल बांटकर रैली का आमंत्रण दिया। इस धरने को प्रदीप यादव बामलास, दारासिंह मेघवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिले का खनन प्रशासन व तहसीलदार माफियाओं के साथ मिला हुआ है। इनकी मिलीभगत से अवैध खनन व ब्लास्टिंग जारी है। सरकार के कानों तक बात पहुंचाने के लिए हमें मजबूरन धरने व प्रदर्शन करने पड़ रहे है। कड़ाके की ठंड में हमारे बुजुर्ग बीमार पड़ रहे है और बच्चों की पढ़ाई में विघ्नन पड़ रहा है। सैकड़ों मकानों व कुवों में करोड़ो का नुकसान हो गया है और सरकार कोई सुनवाई नही कर रही है। इस धरने में कॉमरेड हरिराम सीथल, कैप्टेन विनोद सिंह, नितेश बिजारणियां, लीलाधर मीणा, अब्दुल कायमखानी, भीम आर्मी के पवन मेघवाल, सूबेदार गिरधर सिंह, सवाई सिंह मीणा, सज्जन कुमार, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, आकाश मीणा, बाबुलाल मीणा, छोटे लाल मेघवाल, सुरेश खेदड़, पूर्ण सिंह मेघवाल, रोहिताश सोहु, पवन मेघवाल, अमीलाल मेघवाल, जीवनी देवी, शिमला देवी, जीवनी देवी, सिलोचना देवी, सुमन देवी, मनमोहन सिंह, केसरी देवी, छाजू सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय सिंघी मंदिर के पीछे स्थित सुजानगढ़ टॉवर पर पोषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगदीश खोड़, पार्षद हरीओम खोड़, संग्राम लोहमरोड़, ललित जांगिड़, युसूफ खान, दिनेश बागड़ी, कैलाश शर्मा, सुरजाराम मोहनलाल आदि ने राहगीरों व लोगों को गरमागर्म बड़े परोसे। वहीं लोगों को जलेबियां भी परोसी गई।

## व्याख्यानमाला आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री शहीद गजराज सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दिवराला में शनिवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत आयोजित राष्ट्रीय स्तर एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात विशेषज्ञ शिक्षाविद् पद्मश्री लक्ष्मण सिंह, जल संरक्षणवादी, संस्थापक एवं सचिव जीवीएनएमएल तथा डॉ रघुनंदन सिंह नाथावत, सहायक आचार्य प्लांट सांइस एंड बॉयो टेक्नोलॉजी जयपुर, नेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित करके पूजा-अर्चना के बाद विद्यार्थियों को व्याख्यान प्रदान किया गया। अतिथियों का यथोचित स्वागत-अभिनन्दन-सम्मान किया गया। इस अवसर पर जयसिंह शेखावत, मूलचंद जाट, निवर्तमान उपसरपंच सीताराम कुमावत, गणपतलाल यादव, सुशील शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्य रामावतार मीणा, उपप्रधानाचार्य ममता यादव, व्याख्याता श्यामलाल मीणा, कुलदीप सिंह शेखावत, रिद्धु पालावत सहित समस्त स्टाफ सदस्य व कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय किसान सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा सुजानगढ़ का पांचवां तहसील सम्मेलन लालाराम बिजारणियां की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें आगामी 20 व 21 जनवरी को सुजानगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई।

झंडारोहण के साथ बैठक शुरू हुई। सम्मेलन का उदघाटन करते हुए जिला मंत्री उमराव सिंह ने बताया कि किसान सभा पूरे देश में आजादी से पहले 1936 से देश भर के किसानों की लड़ाई लड़ती आई है। मंत्री रामनारायण रुलानिया ने पिछले तीन वर्षों की सांगठनिक रिपोर्ट रखी, जिसमें स्थानीय आंदोलनों की उपलब्धियों की चर्चा की गई। एसएफआई जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी ने संगठन को मजबूत करने का आहान किया। रामकृष्ण छींपा ने बताया कि संगठन की सदस्यता संगठन का आधार है और आने वाले समय में किसानों की तमाम मांगो को लेकर एक जोरदार आंदोलन का बिगुल जिले भर में किसान सभा बजाएगी। सम्मेलन में 11सदस्य तहसील कार्यकारणी का चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष तेजपाल गोदारा और मंत्री रामनारायण रुलानिया, उपाध्यक्ष सागर कांटीवाल, संयुक्त सचिव ओमप्रकाश डूडी को चुना गया। कार्यकारणी में जगदेव बेड़ा, महबूब बडगुजर, लालूराम बिजारणियां, मुमताज काजी, जयराम टांडी, दीनदयाल गुलेरिया, बुधाराम गुलेरिया को कार्यकारणी सदस्य चुना गया। बैठक में अनेक लोगों ने भाग लिया। कॉमरेड उमराव सिंह ने बताया कि आने वाली 20 और 21 जनवरी 2026 को दो दिवसीय जिला सम्मेलन सुजानगढ़ में होगा, जिसमें जिले भर के किसान सभा के प्रतिनिधि भाग लेंगे दो दिन सम्मेलन में चर्चा कर आगामी कार्यक्रम और कार्यकारणी का चुनाव होगा। बैठक में लिछमणराम गोदारा, लिखमाराम, रामेश्वरलाल, विजय कुमार, भंवरलाल कस्वा, महबूब बड़गुजर, सागर मेघवाल, लियाकत अली, बुधराम खिलेरी, किसनलाल छरंग सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# राजपूत छात्रावास के सामने बस पर पथराव




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी कैंप थाना क्षेत्र के वनस्थली मार्ग पर एक निजी बस पर पथराव और चालक से मारपीट का मामला सामने आया है। राजपूत छात्रावास के सामने हुई इस घटना में बस के शीशे तोड़ दिए गए, जबकि चालक के साथ मारपीट की गई। बस मालिक की शिकायत पर सिंधी कैंप थाने में नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जनवरी 2026 को सुबह करीब 9:30 बजे बस वनस्थली मार्ग से पोलोविक्ट्री की ओर जा रही थी। जैसे ही बस राजपूत छात्रावास के सामने पहुंची, वहां मौजूद करीब 10 से 15 युवकों ने बस को जबरन रुकवा लिया। आरोप है कि युवकों ने बस चालक छोटूराम के साथ मारपीट की और बस के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद छात्रावास की छत से भी बस पर पत्थर फेंके गए, जिससे वाहन को भारी नुकसान पहुंचा। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बस मालिक इन्द्राज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि यह पूरी घटना अजीत सिंह निर्माण और रणवीर सिंह निर्माण के कहने पर करवाई गई।

आरोप है कि दोनों व्यक्ति राजपूत छात्रावास के छात्रों को उकसाकर उनके बस रूट पर लगातार विवाद और झगड़े करवा रहे हैं। परिवादी के अनुसार रूट पर एक अन्य बस भी संचालित होती है और इसी रंजिश के चलते इस तरह की घटनाएं की जा रही हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि इससे पहले 1 जनवरी 2026 को भी राजपूत छात्रावास के छात्रों ने बस चालक और कंडक्टर के साथ मारपीट की थी, लेकिन उसके बाद भी विवाद नहीं थमा। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने परिवादी इन्द्राज सिंह निवासी गणेश नगर बेनाड रोड जयपुर की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा सभी आरोपियों की भूमिका की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शहर के प्रमुख मार्गों से निकला संघ का पथ संचलन



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर की स्टेशन रोड स्थित डालमिया खेलकूद मैदान में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बौद्धिक से हुए। जिसमें मुख्य वक्ता प्रांत गौ सेवा गतिविधि प्रमुख मोहन सिंह ने कहा कि सभी जीवन में पंच परिवर्तन को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि जहाँ भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौटते हुए आधुनिक विश्व का नेतृत्व करने को तैयार है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर संघ ने समाज के सामने श्पंच परिवर्तन का संकल्प रखा है। ये पाँच परिवर्तन केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि एक सुखी, समृद्ध और समर्थ भारत के निर्माण की पांच आधारशिलाएं हैं।

स्वदेशी को अपनाना होगा और छुआछूत, भेदभाव को छोड़कर परिवार में राष्ट्रवाद का भाव जगाते हुए सामूहिक भोज के साथ अपनों के बीच परम्पराओं की चर्चा करनी होगी। जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्ति और पौधारोपण के कार्यों में सभी को जुटना होगा। उन्होंने राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए यातायात नियमों की पालना करने, स्वच्छता को अपनाते हुए समाज के प्रति कर्तव्य निभाने का संकल्प सभी को लेना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक सभी को जिम्मेदार नागरिक बनाने का संकल्प ले चुका है। स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी भी है कि वे जन जन के मन में राष्ट्र जागरण का भाव जागृत करें। मंच पर विभाग संघ चालक अशोक सिंह, जिला संघ चालक अनिल गुप्ता और जिला सह संघ चालक संदीप जोशी भी बतौर अतिथि मौजूद रहे। बौद्धिक के बाद डालमिया खेलकूद मैदान से पथ संचलन रवाना हुआ। संचलन स्टेशन रोड, झुंझुनू रोड, चुंगी चौराहा, अरड़ावतिया कॉलोनी, मुख्य बाजार, विवेकानंद चौक, पुरानी तहसील रोड, कबूतरखाना बस स्टैंड से होते हुए स्टेशन रोड स्थित डालमिया खेलकूद परिसर पहुंचकर विसर्जित हुआ। इस दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने घोष वादन के मध्य कदमताल करते हुए करीब तीन किलोमीटर का रास्ता पूर्ण अनुशासन के साथ पार किया। वहीं इस दौरान श्रीराम परिवार, विवेकानंद मित्र परिषद, लोकसेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और आमजन द्वारा पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया गया। कबूतरखाना बस स्टैंड पर सामाजिक समरसता का दृश्य देखने को मिलाए जहां लीलगर समाज की ओर से पथ संचलन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक अनिल गुप्ता, जिला सह संघ चालक संदीप जोशी सहित दायित्ववान स्वयंसेवकों के साथ ही काफी संख्या में संघ के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# मुस्लिम छींपा समाज ने दिया सामाजिक संदेश, एक साथ 40 जोड़ों का हुआ निकाह



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मुस्लिम छींपा समाज समिति द्वारा एन.के. लोहिया स्टेडियम में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 40 जोड़े निकाह के बंधन में बंधे। सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से समाज द्वारा सामाजिक चेतना के साथ फिजूलखर्ची रोकनेए सामाजिक समरसता बढ़ाने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज पर रोक, खर्चीली शादियों पर लगाम, सर्व समाज के साथ सामंजस्य का संदेश भी दिया गया। समिति अध्यक्ष ज्यान मो. भाटी ने बताया कि समाज में दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने और विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्चों को नियंत्रित करने की दिशा में इस तीसरे सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कर सामाजिक समरसता और एकजुटता का संदेश दिया गया है। समिति अध्यक्ष ने बताया कि सम्मेलन में महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश के समाज करीब 20 हजार लोग शामिल हुए। समिति अध्यक्ष ज्यान मोहम्मद भाटी सहित समिति के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं ने अतिथियों का स्वागत किया। वहीं मंच पर आस पास के जिलों से आए अतिथियों का स्वागत किया गया। आयोजन की खास बात ये रही कि पूरे पंडाल में सामाजिक सद्भाव से जुड़े संदेश लिखे गए। इसी प्रकार सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा संदेश भी दिया गया। आयोजन कर्ताओं ने बाहर से आने वाले सभी मेहमानों का साफा पहनाकर अभिनंदन किया। हजारों लोगों ने एक जाजम पर बैठकर भोजन किया और सामाजिक समानता का परिचय दिया। समिति के आवेश राव व अन्य लोगों ने बाहर से आए हुए अतिथियों का मंच से स्वागत किया। इसी प्रकार सामाजिक सद्भाव की पहल पर श्री सिद्धि गणेश सेवा समिति सुजानगढ़ द्वारा मुस्लिम छींपा समाज के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष ज्यान मोहम्मद भाटी, सचिव लालचंद, कोषाध्यक्ष हनीफ राव, युवा मंडल के अध्यक्ष आवेश राव का स्वागत अध्यक्ष अरविंद सोनी, कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी, सह सचिव रमेश स्वामी, महेश अरोड़ा, राजेन्द्र भामा, सुमनेश शर्मा, मदन लाल भामा, हनुमान सोनी, नंदकिशोर जांगिड़, लोकेश सोनी ने दुप्पटे ओढ़ा कर सम्मान पत्र देकर सम्मान किया।

# चौधरी उप जिला अस्पताल व फोरलेन सड़क की मांग को लेकर 21 को निकालेंगे पदयात्रा




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** भाजपा नेता श्याम चौधरी अपने जन्मदिन के उपलक्ष में श्रीमाधोपुर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने व जालपाली मोड़ से अजीतगढ़ तक की वर्तमान सड़क को फोरलेन सड़क बनाने की मांग को लेकर 21 जनवरी बुधवार को जालपाली मोड़ से उपखंड कार्यालय श्रीमाधोपुर तक पैदल यात्रा निकालेंगे तत्पश्चात उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर को इस मामले में ज्ञापन दिया जाएगा। इसी क्रम में ग्राम डेरावाली के सभी युवाओं ने 21 जनवरी को भाजपा नेता श्याम चौधरी के नेतृत्व में आयोजित होने वाली विशाल पैदल यात्रा व रैली का पोस्टर विमोचन कर पूर्ण समर्थन दिया। इस पैदल यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की दो प्रमुख मांगों श्रीमाधोपुर में चल रहे राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने तथा जालपाली मोड़ से अजीतगढ़ तक की वर्तमान सड़क को फोरलेन सड़क बनाने की मांग को मजबूती से उठाना है।

बताया गया है कि 21 जनवरी को श्याम चौधरी का जन्मदिन भी है और इसी शुभ अवसर पर सड़क सुरक्षा मिशन के तहत हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। श्याम चौधरी ने सभी से निवेदन किया है कि 21 जनवरी को सुबह 10 बजे जालपाली मोड़ से उपखंड कार्यालय श्रीमाधोपुर तक होने वाली इस पैदल यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक व सफल बनाकर क्षेत्र के विकास और सुरक्षा के इस मिशन में अपना योगदान दें।

# नरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस जनों ने रखा उपवास

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नरेगा बचाओ संग्राम के तहत सीकर जिला कांग्रेस ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने उपवास रखकर 45 दिवसीय विरोध प्रदर्शन का आगाज किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला ने कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस गरीब और मजदूरों की आवाज बनकर सड़कों पर उतरी है। जब देश के प्रधानमंत्री विदेशों में जाते हैं तो महात्मा गांधी के नाम पर सम्मान पाते हैं लेकिन आज आम गरीब के काम का अधिकार छीन कर इस योजना में अब 40 प्रतिशत का बोझ राज्य सरकारों पर डाल दिया गया है, जिससे सबसे अधिक नुकसान गरीबों और विशेषकर महिलाओं को होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव, ढाणी और वार्ड स्तर तक जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और किसी भी कीमत पर केंद्र सरकार को गरीब व मजदूरों का हक छीनने नहीं देंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव विशाल जांगिड़ ने कहा कि यदि केंद्र सरकार वास्तव में भगवान राम के नाम का सम्मान करना चाहती है तो उन्हें भगवान राम के त्याग और न्याय की भावना को समझना चाहिए। गरीबों के मुंह से निवाला छीनकर रामराज्य की कल्पना कैसे साकार हो सकती है। उन्होंने मांग की कि यदि सरकार सच में मजदूरों के हित में है तो उन्हे काम का अधिकार देकर उनका मानदेय 400 करना चाहिए। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई दूरदर्शी मनरेगा योजना ने देश को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद अशिक्षा और गरीबी से जूझ रहे भारत को विकासशील देशों की कतार में खड़ा करने में कांग्रेस की नीतियों का बड़ा योगदान रहा है। सभा के अंत में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मनरेगा आंदोलन को और तेज करने तथा गरीब-मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला, प्रभारी विशाल जांगिड़, सीकर विधायक राजेंद्र पारीक, धोद कांग्रेस प्रत्याशी जगदीश दानोदिया, निवर्तमान सभापति जीवण खां, संगठन महासचिव एड पुरुषोत्तम शर्मा, पुर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एड भागीरथ मल जाखड़, सेवादल जिलाध्यक्ष रविकांत तिवाड़ी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजू गोदारा, ओमप्रकाश नागा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सैनी, राजेंद्र सामोता, जगदीश फौजी, नरेश सैनी, मदनलाल चीरानिया, मो. तोक्कीर खत्री, जिला उपाध्यक्ष मोहर सिंह गोड़, मुश्ताक तंवर, एड राजेंद्र शर्मा, सुरेन्द्र त्रीहन, गोविंद पटेल, जिला महासचिव अल्ताफ रंगरेज, रामनिवास खीचड़, अब्दुल रजाक, नरेंद्र छबरवाल, विनोद जांगिड़, अंकित पारीक, वेदप्रकाश राय, ब्रहमन सिहाग, भींवाराम चौधरी, डॉ कुलदीप ढाका, पप्पू पहलवान, एड हरीश मिश्रा, एड सुरेश भास्कर, एड शब्बीर कमाल, बलबीर थोरी, शिव भगवान नागा, दिनेश झिगर, तनसुख ओला, इमरान बहलीम, इतिहास पाराशर, युनुस खान कासली, सुनील मारोठिया, बलदेव फगेड़िया, आबिद हसन जाटु, अमोलक कुमावत, मोईन बिशायती, सुरेन्द्र माहीच फतेहपुर, विनोद पंवार, टिकुराम वर्मा, महेंद्र गहलोत, सांवरमल ढाका, अबरार रंगरेज, सत्येन्द्र, अकरम बहलीम, वसीम खान, अजय नायक, मोहम्मद जुबेर नारू, साजीद रंगरेज, प्रेम सैनी, शिवपाल सिंह सरपंच, रामदेव रेवाड़, प्रकाश कुमावत, राहुल पारिक, एड महेश जाखड़, अल्ताफ भाटी, रामचंद्र नेहरा, धर्मेंद्र गठाला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामकथा में सुनाए बाली वध, लंका दहन व रामेश्वरम की स्थापना के प्रसंग



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** सौन्थलिया गेस्ट हाउस जाखल में चल रही रामकथा के आठवें दिन पंडित दिनेशानन्द ने बाली वध, लंका दहन व रामेश्वरम के प्रसंग सुना,। उन्होंने कहा कि भगवान की माया त्रिगुणात्मक है। रावण ने अपने भाई की बात न मानकर अपने विनास को निमंत्रण दे दिया। भगवान सरणागत रक्षक हैं। छल, कपट त्याग कर जो भगवान के सानिध्य में आते हैं उन्हें अभय दान देते हैं। महाराज ने बताया कि लंका में रावण का वध करने के बाद सीता को वापिस अयोध्या लाते समय अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए राम ने रामेश्वरम में एक मिट्टी के शिवलिंग की स्थापना कर उसकी पूजा की। इस दौरान राम लक्ष्मण द्वारा शिवलिंग बनाए जाने की झांकी भी सजाई गई। आज के मुख्य यजमान देवेंद्र सिंह दम्पत्ति रहे। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

# मील ने जरूरतमंद के लिए किया 161 वीं बार रक्तदान



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल लैब अधीक्षक सतेन्द्र सिंह कुड़ी ने बताया कि कहारों की ढाणी, बाजोर निवासी ममता मेहरा को इमरजेंसी के दौरान रक्त की जरूरत पड़ने पर परिजनों द्वारा सूचना देने पर पर सुधीर महरिया स्मृति संस्थान और यूनाइटेड एजुकेशन लिंक्ज के डायरेक्टर ग्राम केशरनगर, कोलीड़ा निवासी बीएल मील ने ब्लड सेंटर पहुंचकर 161 वीं बार रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की है। इसी तरह जरुरतमंद रोगी के लिए सन्नी शिवसिंहपुरा ने 81 वीं बार, महेश शर्मा ने 67 वीं बार, चन्द्र प्रकाश बिजारणिया ने 52 वीं बार, शाहरुख ने 12 वीं बार तथा मनोज सैनी ने भी 27 वीं बार रक्तदान कर अनुकरणीय कार्य किया है। मील ने वर्ष 2023 में 1 वर्ष के दौरान प्लेटलेट सहित 25 बार रक्तदान कर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है तथा व्यक्तिगत रूप से राजस्थान में सर्वाधिक बार रक्तदान किया हैं। सुधीर महरिया स्मृति संस्थान निदेशक बी एल मील के नेतृत्व में सुधीर महरिया स्मृति संस्थान एवं राजस्थान ब्लड डोनर ग्रुप के तत्वावधान में जरूरतमंद रोगियों को जरूरत के समय रक्त उपलब्ध हो सके। इसके लिए अब तक 680 से ज्यादा रक्तदान शिविरों का आयोजन कर दो लाख से ज्यादा ब्लड यूनिट रक्तदान करवा चुके हैं। कोरोना काल में भी कोविड ग्रस्त गंभीर रोगियों को 336 यूनिट प्लाज्मा डोनेट करवाकर उनकी जान बचाने का कार्य किया था। गत दो वर्ष पूर्व तथा इस वर्ष भी 6000 से ज्यादा डेंगू पीड़ित रोगियों को प्लेटलेट उपलब्ध करवा कर उन्हें जीवन दान देने का कार्य किया। गत 17 अगस्त को मात्र 1 घंटे में 132 लोगों को मोटिवेट कर अंगदान व देहदान की घोषणा करवाकर एक विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया था। गत 30 वर्षों से रक्तदान, प्लेटलेट, प्लाज्मा दान, जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए राशन वितरण, रजाई वितरण, कंबल वितरण, पौधरोपण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर तथा सड़क सुरक्षा हेतु रिफ्लेक्टर सहित अनेक सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर अग्रणी भूमिका निभा रहे है।

## राष्ट्र जागरण ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत किया



रामावतार सोनी

**बुगाला ( नवयत्न )।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्र जागरण ज्योति कलश रथ यात्रा रविवार को बुगाला पहुंची। दुर्गा माता मंदिर में भंवरसिंह शेखावत, सरपंच आनन्द बुगालिया, डॉ रोहिताश्व शर्मा, नन्दकिशोर स्वामी, रमाकांत शर्मा आदि ने रथयात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर संस्कार गोष्ठी, दीप यज्ञ एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। गायत्री परिवार जिला संयोजक देवेंद्र सिंह ओलखा ने उद्बोधन देते हुए कहा कि यह यात्रा समाज में नैतिकता, सदाचार और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का सशक्त माध्यम है। रथ यात्रा संयोजक कल्याण सिंह झाझड़ ने गायत्री मिशन के कार्यक्रमों को जीवन में अपनाने की अपील की, वही ब्लॉक प्रभारी कृष्ण कुमार दायमा ने श्रद्धालुओं से आराधना, साधना और उपासना के महत्व को समझते हुए गायत्री मंत्र के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। प्रताप सिंह ने गायत्री परिवार के लक्ष्य धरती को स्वर्ग बनाने की योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला और समाज निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका पर जोर दिया। इस मौके पर मदनलाल जांगिड़, ओमप्रकाश, सुरेन्द्र कुमार सैन, बृजलाल बारोठिया, भगवती प्रसाद, चिरंजीलाल सैनी, रामावतार शर्मा, मुरारीलाल पारासर, जुगलकिशोर वर्मा आदि मौजूद रहे।

## महासंघ की चेतावनी रैली में एक लाख कर्मचारी होंगे शामिल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से 12 जनवरी को जयपुर में विशाल चेतावनी महारैली आयोजित की जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों और संवादहीन रवैये के विरोध में यह रैली आयोजित की जा रही है। महासंघ द्वारा सात संकल्पों और 11 सूत्री मांग पत्र पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश है। उन्होंने दावा किया कि चेतावनी रैली में एक लाख से अधिक कर्मचारी भाग लेंगे। महामंत्री महावीर सिहाग ने बताया कि रैली रामनिवास बाग से शुरू होकर अशोक मार्ग, गवर्नमेंट प्रेस चौराहा, सिविल लाइंस फाटक होते हुए बाइस गोदाम पुलिया के नीचे पहुंचेगी। जहां विशाल सभा होगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेज सिंह राठौड़ ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। प्रदेश प्रवक्ता गोविंद नाटाणी ने बताया कि रैली के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पार्किंग, मंच संचालन व रैली प्रबंधन सहित विभिन्न जिम्मेदारियां पदाधिकारियों को सौंपी गई हैं।

## जरूरतमंदों को गर्म वस्त्रों का वितरण



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** डेरा सच्चा सौदा के द्वितीय गद्दीनशीन सतनाम सिंह महाराज के अवतार माह को डेरा सच्चा सौदा के सेवादार पूरे विश्वभर में मानवता भलाई कार्यों के साथ बड़ी धूमधाम से मना रहे है। इसी कड़ी में सेवादारों ने अपने गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इंसा द्वारा चलाये रहे 170 मानवता भलाई कार्यों के तहत सुजानगढ़ शहर के झुग्गी झोंपड़ी कच्ची बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबल व कपड़े वितरित किये एवं वहाँ जाकर उनको भोजन करवाया। इस मौके पर रवि इंसा, हर्षमीत इंसा, निशा इंसा, पुष्पा इंसा, पूजा इंसा सहित अन्य सेवादार भाई बहन मौजूद रहे।

## भामाशाह द्वारा विद्यालय को कुर्सी भेंट



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम मूंडरू में गिरदावर के पद पर कार्यरत रविंद्र कुलदीप ने महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल सरगोठ में प्रिंसिपल के लिए घूमने वाली कुर्सी भेंट की है। गिरदावर कुलदीप ने बताया कि उनके धर्मपत्नी सीता मौर्य इसी विद्यालय में अध्यापक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रिंसिपल के लिए कुर्सी नहीं थी तो गिरवर ने घूमने वाली कुर्सी विद्यालय को भेंट की है। कुर्सी भेंट करने पर विद्यालय परिवार ने गिरदावर रविंद्र कुलदीप और अध्यापक सीता मौर्य का आभार व्यक्त किया।

## शीतलहर के मद्देनजर कक्षा 1 से 5 तक अवकाश, कक्षा 6 से 12 का समय परिवर्तित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा ने मौसम विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी एवं जिले में वर्तमान में चल रही शीतलहर की स्थिति को देखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के दृष्टिगत आदेश जारी किए हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सीकर के प्रस्ताव एवं स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित कक्षा 1 से 5 तक के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में 12 जनवरी से 17 जनवरी 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है।

कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय संचालन का समय परिवर्तित करते हुए सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह आदेश केवल छात्र-छात्राओं पर ही लागू रहेगा। समस्त शिक्षक एवं अन्य कार्मिक विद्यालयों में विभागीय समयानुसार यथावत उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में कंबल वितरित



बाबूलाल वर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सेठ मोतीलाल कॉलेज स्टेडियम के पास मंड्रेला रोड स्थित इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर गिरदावर शिवशंकर महमिया, वशिष्ठ शर्मा, महावीर सिंगोदिया, राजेंद्र लालपुरिया, राम अवतार शर्मा, रतनलाल शुक्ला, मोहनलाल कुल्हरी, संजय शुक्ला, एडवोकेट रवि प्रकाश शुक्ला, मोहन पुरोहित, रामकरण सैनी, अजय व्यास, सुरेंद्र शर्मा प्रिंसिपल, सचिन शुक्ला, केशव शुक्ला, सोनू पुजारी, किस्तूरचंद रैगर, संजय शर्मा तथा शनि मंदिर के पुजारी संजय भार्गव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पार्षद एवं इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर तथा चंद्रेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी चंद्रप्रकाश शुक्ला ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## किन्नर समाज को शाकंभरी माता की चुनरी ओढ़ाई



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** शाकंभरी माता की चुनरी यात्रा के संयोजक मूलचंद सैनी व मंजू देवी के नेतृत्व में शाकंभरी माता के भक्तगणों ने किन्नर समाज के लोगों को मां शाकंभरी माता की चुनड़ी ओढ़ाकर कर सम्मान किया और किन्नर समाज के लोगों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान एडवोकेट मोतीलाल सैनी, ताराचंद नांगल, रतनलाल सैनी, हिमांशु शर्मा, रमेश सैनी आदि थे।

## झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाने का मांग पत्र आज प्रभारी मंत्री को

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा संचालित झुंझुनू को रेलवे जंक्शन बनाओ जन संघर्ष अभियान के अंतर्गत आज सोमवार को दोपहर 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत को ज्ञापन सौंपा जाएगा। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि समिति का 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल प्रभारी मंत्री का स्वागत एवं सम्मान करने के पश्चात उन्हें यह ज्ञापन सौंपेगा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी कि झुंझुनू से बिसाऊ, मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी, रतनगढ़, मण्ड्रेला, पिलानी, सादुलपुर, चनाना, जसरापुर, खेतड़ी, निजामपुर, गुढ़ा, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना, शाकंभरी, लोहार्गल एवं सालासर तक नई रेल लाइनें बिछाई जाएं, जिससे झुंझुनू को रेलवे जंक्शन का दर्जा मिल सके।




साथ ही ज्ञापन में यह भी मांग की जाएगी कि झुंझुनू से होकर अहमदाबाद, सूरत, पुणे, मुंबई, कोलकाता, गुवाहाटी, हरिद्वार, दिल्ली, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, जोधपुर, उदयपुर सिटी, श्रीगंगानगर तथा लोहारू-जयपुर-लोहारू मार्ग पर सायंकालीन नई ट्रेनों का संचालन प्रारंभ कराया जाए। समिति की मांग है कि प्रभारी मंत्री इस विषय में राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र प्रेषित कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

## बैठक में हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर की चर्चा

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** 1 फरवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर बांय गांव में बैठक आयोजित हुई। बैठक में हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई जिसमें विभिन्न समितियां बनाकर जिम्मेदारियां तय की गयी। इस मौके पर भोजराज दाधीच, महेंद्र शर्मा, रामदत टिटानिया और गांव के नरेश सिंह, ऋषभ छिम्पा, कालूराम राजपूत, प्रकाश, विनोद राईका, सतवीर, पूनम, रमेश आचार्य, पन्नालाल, बलवंत लाला राम स्वामी, राजेश, रणजीत, सुभाष, पवन, मांगीलाल, जगतसिंह मनीराम, मुकेश छिम्पा, राकेश, शीशराम आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार धीरवास बड़ा गांव के चाँदनी चौक में भी विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपसमितियो का गठन



किया गया व बताया गया कि सम्मेलन में निमंत्रण के लिए प्रत्येक घर मे यज्ञ सामग्री व पीले चावल पहुंचा, जाएंगे। साथ ही सम्मेलन के तहत राष्ट्र समृद्धि यज्ञ, कलश यात्रा सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मनीराम, भंवरलाल गौड़, मोहरसिंह नाई, अनुराम, आत्माराम छिम्पा, सुगनाराम पारीक, डूंगरराम, तेजाराम भामू, कृष्ण पुजारी, महावीर पिलानिया सहित सर्व हिन्दू समाज के लोगों ने भाग लिया।

## खांडल विप्र समिति ने किया प्रतियोगिताओं का आयोजन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** खांडल विप्र समिति सुजानगढ़ द्वारा मेंहदी, शतरंज एवं वन मिनट शो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को आगामी 18 जनवरी को होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता आयोजन में मुख्य अतिथि समिति के अध्यक्ष रामस्वरूप माटोलिया, मंत्री विनय माटोलिया, मनोज नवहाल, पृथ्वीराज नवहाल, राजेश पीपलवा, हरीप्रसाद चोटिया, मुरारी गोवला, रूपेश काछवाल, युवा मंडल के अध्यक्ष आशीष चोटिया, एडवोकेट शुभम खंडेलवाल, द्विज बोचीवाल, राकेश काछवाल, राम नवहाल, श्यामसुंदर नवहाल, गौरव कृष्ण, सुनील झिकनाडिया आदि समाज बन्धु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट पार्थ नवहाल ने किया।

## नि :शुल्क नेत्र व चर्म रोग चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ ट्रस्ट द्वारा स्व मोतीलाल गोमती देवी मोदी की स्मृति में सांवरमल, पवन कुमार, बद्रीनारायण, गोविंदलाल, निखिल मोदी के सौजन्य से 18 जनवरी को नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर एवं चर्म व यौन रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ. अपूर्व कोटिया द्वारा नि:शुल्क किए जाएंगे। इसी शिविर में जयपुर के चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ. एस आर शुक्ला द्वारा चर्म व यौन रोग संबंधित रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया जाएगा। रविवार को शिविर के बैनरए पैंपलेट का विमोचन यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में किया गया, इस अवसर पर डॉ. एस के छाबड़ा, निखिल मोदी, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, गिरधर शर्मा, हरि तोदी, राजकुमार क्याल, राजेंद्र कनोई आदि उपस्थित थे।

## श्रवण कुमार चौधरी बने अध्यक्ष

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भोजलाई बास स्थित श्मसान में अंतिम विश्राम समिति की बैठक भंवरलाल सोनीवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद पर श्रवण कुमार चौधरी को चुना गया। इसी प्रकार मंत्री पद पर शिवभगवान चौहान, कोषाध्यक्ष बाबूलाल जांगिड़, व्यवस्थापक टीकूराम प्रजापत को बनाया गया। इसी प्रकार संरक्षक मंडल में मांगीलाल स्वामी, भंवरलाल सोनीवाल, सुरजाराम डाबरिया, विनोद भास्कर, सोहनलाल प्रजापत को शामिल किया गया। भाजपा नेता कमल दाधीच ने बताया कि चुनाव अधिकारी सुरजाराम डाबरिया के नेतृत्व में कार्यकारिणी के चुनाव हुए।

## कार सवार बदमाश युवक से नकदी सहित अन्य सामान लूटकर हुए फरार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पत्रकार कॉलोनी थाना इलाके में शुक्रवार देर रात कार सवार बदमाशों ने एक स्कॉर्पियों गाड़ी के आगे अपनी कार लगाकर उसे रोका और मारपीट करते हुए पीड़ित से हजारों रुपयों की नकदी व अन्य सामान ले कर फरार हो गए। आरोपियों के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़ित जैसे-तैसे थाने पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आसपास नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश की।

लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने अज्ञात कार सवार बदमाशों के लिए लूट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। एसआई अशोक कुमार ने बताया की पीड़ित बाबूलाल चौधरी 31 रेनवाल, मांझी निवासी शुक्रवार रात को अपनी स्कॉर्पियों कार से मदाऊ कट के पास से होता हुआ घर जा रहा था। इसी दौरान मदाऊ कट के पास एक तेज रफ्तार बिना नंबरों की स्वीफ्ट कार आई और ओवर टेक कर उसकी गाड़ी के आगे आकर रुकी गई। जिसमें से 4-5 लोग नीचे उतरे और जबरन पैसे मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने बेस बॉल के डंडे और सरिए से मारपीट करना शुरु कर दिया।

अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर जेब में रखे 19 हजार 5 सौ रुपए और गाड़ी में रखे 15 हजार के कपड़े लूटकर फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बदमाशों की आसपास तलाश भी की। लेकिन अज्ञात कार सवार बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार सवार बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

## फर्जी थानेदार बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पश्चिम जिले की सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सिंधी कैंप बस स्टैंड क्षेत्र में खुद को थानेदार बताकर आमजन से ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस को इसकी सूचना मिलने पर विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि जिला स्पेशल टीम जयपुर पश्चिम डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सिंधी कैंप बस स्टैंड पर फर्जी



थानेदार बनकर लोगों से ठगी कर रहा है। इस पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता एवं सहायक पुलिस आयुक्त धर्मवीर सिंह के सुपरविजन में डीएसटी जयपुर पश्चिम और सिंधी कैंप थाना पुलिस की संयुक्त विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने वाले आरोपी जितेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ रमन शर्मा निवासी टोडाभीम जिला करौली को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी के खिलाफजीरो नंबर एफआईआर दर्ज कर उसे पुलिस थाना मडबल जिला सीकर भिजवाया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि उसने इससे पहले किन-किन लोगों को अपना शिकार बनाया और ठगी की राशि कितनी है। इस कार्रवाई में डीएसटी जयपुर पश्चिम प्रभारी गणेश सैनी के नेतृत्व में सिंधी कैंप थानाधिकारी माधोसिंह सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से कांस्टेबल सतवीर की सराहनीय भूमिका बताई गई है।

## बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सहायक निदेशक पर्यटन विभाग अनु शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में शेखावाटी उत्सव 2026 के आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक 12 जनवरी को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में आयोजित की जाएगी ।

## नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र के शैक्षणिक रिकॉर्ड में उसका नाम इन्दोरिया पियूष दिनेश कुमार अंकित है जबकि उसका वास्तविक व सही नाम पियूष इन्दोरिया (PIYUSH INDORIA) है। भविष्य में इसे सही माना जावे।

***पियूष इन्दोरिया पुत्र दिनेश कुमार, निवासी वार्ड नं. 22, कैलाश कॉलोनी, कंवरपुरा रोड, सीकर ( राज. )***

राजस्थान सरकार

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

**उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।**



12 जनवरी, 1863 - 4 जुलाई, 1902

उठो, जागो और तब तक रुको नहीं, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

# राष्ट्रीय युवा दिवस

**12 जनवरी, 2026**

## स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती पर सादर नमन

## दो साल में युवा उम्मीदों को मिले बेहतर अवसर

### नियुक्ति / भर्ती
1 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां
**1.43 लाख** नई सरकारी भर्तियां
निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक नियुक्तियां

### पारदर्शी भर्ती परीक्षा
**एसआईटी गठित**
डमी अभ्यर्थी, फर्जी डिग्री सम्बन्धी
अन्य अनियमितताओं पर रोक

### स्कूटी एवं साइकिल / टैबलेट वितरण
छात्राओं को **39,586 स्कूटियाँ** एवं
**10.51 लाख साइकिलें**
मेधावी विद्यार्थियों को **88,724 टैबलेट**

### स्टार्टअप्स को संबल
**65 i-Start लॉन्चपैड नेस्ट** स्थापित
658 स्टार्टअप्स को **₹22.48 करोड़** की सहायता

### कौशल प्रशिक्षण
3.37 लाख युवाओं को **कौशल प्रशिक्षण**
**434 रोजगार शिविरों** में 1.20 लाख युवा लाभान्वित

### मुख्यमंत्री युवा संबल योजना
4.13 लाख युवाओं को **₹1,155 करोड़**
1.91 लाख **युवाओं को इंटर्नशिप**

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025
जिलों में 17 नवीन **खेलो इण्डिया केन्द्रों की स्थापना**

### कृषि शोध एवं अध्ययन
58,397 **छात्राओं को ₹103 करोड़**
की प्रोत्साहन राशि

### खिलाड़ियों का सम्मान
1,754 खिलाडियों को
**₹39.57 करोड़** की सहायता

## राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को सौगात

- 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का कैलेंडर
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना - 2026
- नवीन युवा नीति - 2026
- रोजगार नीति - 2026

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190